# मेट्रो Rays
आगे रखने का वादा
सांध्य दैनिक

रांची, बुधवार, 14 अगस्त 2024

संवत 2081, श्रावण शुक्लपक्ष 10 मूल्य-2 रुपये

वर्ष-7, अंक 334 , पृष्ठ-8, RNI No.-JHAHIN/2017/75028





4 जबलपुर से हुआ था झंडा सत्याग्रह का शंखनाद

सुनील गावसकर ने दिया चौंकाने वाला बयान 6


# वीरता पदक से पहली बार सम्मानित होंगे फायरमैन प्यारे लाल तंबवार

**मेट्रो रेज**



**रांचीः** पहली बार झारखंड अग्निशमन विभाग के फायरमैन प्यारे लाल तंबवार को स्वतंत्रता दिवस पर वीरता पदक से सम्मानित किया जायेगा। उन्हें यह सम्मान कोलतार भंडारण सहित कई जगहों पर लगी आग बुझाकर लोगों की जान बचाने के लिए मिलेगा।

प्यारे लाल तंबवार साल 1990 में फायरमैन ड्राइवर के रूप में नियुक्त हुए थे। वे तब से पूरी ईमानदारी और मेहनत से अपने कर्तव्य का पालन करते रहे हैं। अग्निशमन सेवा में नियुक्त होने के बाद तंबवार जमशेदपुर, डाल्टनगंज, सिंदरी डोरंडा, गुमला, मानगो (जमशेदपुर) और साहेबगंज में कार्यरत रहे हैं। उन्होंने सैकड़ों आग बुझाने की घटनाओं में भाग लिया और लोगों की जान बचायी। साहेबगंज जिले के हाजीपुर गांव में 16 मई, 2023 को एक सड़क निर्माण स्थल पर भीषण आग लग गयी थी। सूचना मिलते ही

फायरमैन प्यारे लाल तंबवार, प्रधान अग्नि चालक के साथ घटनास्थल पर पहुंचे तो देखा कि सड़क निर्माण उपकरण और कोलतार भंडारण टैंक में आग लगी थी। आग लगने के कारण ग्रामीणों और एनएच-80 पर गुजरने वाले वाहनों की सुरक्षा में गंभीर खतरा पैदा हो गया था। घटना के दौरान आग से उत्पन्न गर्मी के कारण कोलतार भंडारण टैंक भी विस्फोट हो गया था। इस विस्फोट में फायरमैन प्यारे लाल तंबवार को गंभीर चोटें आयी थी। इसके बावजूद कर्तव्य के प्रति समर्पण भावना दिखाते हुए जान जोखिम में डालकर फायरमैन प्यारे लाल तंबवार अग्निशमन कार्य में लगे रहे। अंततः प्यारे लाल ने टैंकों में लगी आग पर काबू पाया। डीजी अग्निशमन सेवा ने प्यारे लाल को इस साहसिक कार्य के लिए पांच हजार की राशि से पुरस्कृत किया था। साथ ही सरकार से वीरता पदक के लिए अनुशंसा की थी। इस घटना के बाद प्यारे लाल को ब्लड कैंसर की बीमारी हो गयी। इसके बाद से वह मुंबई में इलाजरत हैं।

इस संबंध में डीजी होमगार्ड एंड फायर सर्विसेज अनिल पालटा ने कहा कि पहली बार फायर सर्विस वालों को सम्मान मिलना गौरवांवित करने वाला पल है।

पालटा ने कहा कि सम्मान मिलने से कर्मियों का हौसला बढ़ता है और बेहतर कार्य करते है। पालटा ने कहा कि इस नजरिये से स्वतंत्रता दिवस 2024 फायर सर्विस वालों के लिए एक यादगार पल बनने जा रहा है। इतिहास में पहली बार फायर सर्विस में पदस्थापित पुलिसकर्मियों को सम्मान मिलेगा।

## सेक्स रैकेट का खुलासा सात गिरफ्तार



**रांचीः** रांची के अरगोड़ा थाना क्षेत्र के होटल होटल मौर्या में पुलिस ने छापेमारी कर सेक्स रैकेट का खुलासा किया है। रांची पुलिस ने पांच लड़कियों और दो युवकों सहित सात को गिरफ्तार किया है। एसएसपी चंदन सिन्हा के निर्देश पर हटिया डीएसपी पीके मिश्रा के नेतृत्व में छापेमारी की गई है। हटिया डीएसपी पीके मिश्रा ने बुधवार को बताया कि देह व्यापार की सूचना पर होटल मौर्या में छापेमारी की गई, जिसमें आपत्तिजनक हालत में पांच लड़कियां और दो लड़के पकड़े गए है। सभी से पूछताछ की जा रही है। कुछ दिनों पहले भी इस होटल में छापेमारी की गई थी उस दौरान भी दो लड़कियों को गिरफ्तार किया गया था।






## गढ़वा एसपी दीपक पांडेय को मिलेगा राष्ट्रपति वीरता पुरस्कार



**रांचीः** गृह मंत्रालय ने गढ़वा एसपी दीपक पांडेय को राष्ट्रपति वीरता पुरस्कार से सम्मानित करने के लिए नामित किया है। उन्हें यह सम्मान वर्ष 2022 में भाकपा माओवादियों से हुई मुठभेड़ में संगठन के जोनल कमांडर को ढेर करने के लिए मिला है। जब दीपक पांडेय लोहरदगा में एएसपी अभियान के तौर पर पदस्थापित थे। उस दौरान 29 दिसंबर, 2022 को उन्हें एक गुप्त सूचना मिली थी कि भाकपा माओवादियों का एक दस्ता लोहरदगा के बुगडू थाना क्षेत्र के कोरगो जंगल में है। इस सूचना के आधार पर एएसपी अभियान के नेतृत्व में जिला पुलिस बल और सीआरपीफ घटनास्थल पर पहुंचे थे। इस दौरान पुलिस की भाकपा माओवादी के रविंद्र गंझु के दस्ते के साथ मुठभेड़ हुई थी। मुठभेड़ में भाकपा माओवादी के एक सब जोनल कमांडर चंद्रभान पाहन ढेर हो गया था जबकि दूसरा सबजोनल कमांडर गोविंद ब्रिजिया को पुलिस ने पकड़ लिया था।

## हजारीबाग डीसी के नाम से बनाई गयी फेक व्हाट्सएप आईडी

**हजारीबागः** हजारीबाग डीसी नैंसी सहाय के फोटो युक्त फेक व्हाट्सएप आईडी बनाए जाने का मामला सामाने आया है। इसके बाद डीसी ने सभी जिलेवासियों से अपील की है कि फर्जी व्हाट्सएप नंबर (+94 782883934) से किसी प्रकार के संदेश या मैसेज पर कोई प्रतिक्रिया ना दें। इस नंबर को ब्लॉक कर दें। यदि आपको लगता है कि कोई व्यक्ति डीसी की फेक व्हाट्सएप आईडी का उपयोग कर रहा है तो सबसे पहले यह पुष्टि करें कि व्हाट्सएप आईडी वास्तव में फेक है और उपायुक्त की आधिकारिक आईडी नहीं है।



## विनय उरांव बने एनएसयूआई के प्रदेश अध्यक्ष

**रांचीः** विनय उरांव एनएसयूआई के प्रदेश अध्यक्ष बनाए गए हैं। कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने इस पर अपनी सहमति दे दी है। पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव केसी वेणुगोपाल ने मंगलवार रात इस संबंध में प्रेस विज्ञप्ति जारी की। झारखंड-बिहार सहित नौ राज्यों के एनएसयूआई के प्रदेश अध्यक्षों की घोषणा हुई है।

## लूटकांड में हुआ खुलासा : 42 हजार रुपये की हुई थी लूट, मालिक और पुलिस को बताया 2 लाख 42 हजार

**रांची :** राजधानी राँची के सुखदेवनगर थाना क्षेत्र के इंद्रपुरी स्थित रोड नंबर एक के समीप मंगलवार की अहले सुबह स्कूटी सवार दो अपराधियों ने चाकू के बल पर एक सब्जी व्यवसायी के कर्मचारी से 2.42 लाख लूट लिए। पीड़ित का नाम संजय कुमार चौरसिया है और वह इंद्रपुरी का हीं रहने वाला है। लूट की जानकारी मिलते ही पुलिस सक्रिय हो गई।सिटी एसपी राज कुमार मेहता के निर्देश पर कोतवाली डीएसपी प्रकाश सोय और सुखदेवनगर थाना प्रभारी ने 6 घंटे अंदर ही दोनों लुटेरा को गिरफ्तार कर लिया। देर रात तक गिरफ्तार दोनों अपराधियों से पुलिस पूछताछ कर रही थी और इस बात की जानकारी जुटाने का प्रयास कर रही थी कि इस घटना में कहीं और कोई शामिल तो नहीं है।

वहीं पीड़ित ने पुलिस को जो बताया है कि उसने सब्जी लेकर प्रत्येक सप्ताह सिलीगुड़ी बिक्री करने जाते थे। पूर्व की तरह मंगलवार को भी सब्जी की बिक्री कर नगद पैसा लेकर ट्रेन से सुबह राँची वापस लौटा था और टेंपो पकड़कर रातू रोड पहुंचा था। इसके बाद पैदल ही अपने घर की ओर जा रहा था जहां इंद्रपुरी रोड नंबर एक में सुनसान जगह देखकर स्कूटी सवार दो अपराधी पहुंचा और चाकू के बल पर पैसे की लूट की। जब तक वह कुछ समझ पाते, स्कूटी सवार दोनों अपराधी काफी आगे निकल चुका था। लूट का पैसा बरामद करने के लिए पुलिस देर रात तक विभिन्न जगहों पर छापेमारी कर रही थी।

पुलिस सूत्रों से जानकारी मिली है है कि लूट मात्र 42 हजार की हुई थी लेकिन पीड़ित ने अपने मालिक को बताया कि 2 लाख 42 हजार की लूट हुई है।उसके बाद पुलिस को भी बताया कि करीब ढाई लाख की लूट हुई है।पुलिस को इस बात की जानकारी मिली है कि संजय ने अपने मालिक और पुलिस को 2 लाख का ज्यादा लूट दिखाकर पैसे हड़पना चाह रहा था।ये बात का तब खुलासा हुआ जब दोनों अपराधियों की गिरफ्तारी हुई,पूछताछ में दोनो ने बताया कि मात्र 42 हजार ही लुटे हैं।पुलिस ने पीड़ित से पूछताछ की तो पता चला कि लूट 42 हजार की हुई है।फिलहाल पुलिस दोनों अपराधियों से पूछताछ कर पैसे बरामदगी में जुटी है।अपराधियों ने लुटे हुए रुपये को एक महिला को रखने दे दिया था।पुलिस महिला की तलाश में जुटी है।













# समाचार सार

## एकता कमेटी ने की घर-घर में तिरंगा फहराने की अपील



**रांचीः** भारतीय एकता कमेटी ने इस स्वतंत्रता दिवस के शुभ अवसर पर घर-घर तिरंगा ध्वज फहराए जाने की सभी देशवासियों से अपील की है। मेरी जान तिरंगा है मेरी शान तिरंगा है हम सभी देशवासी मिलजुल कर आन बान शान से राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा को फहराएं और राष्ट्रीय सलामी दे । संस्थापक अध्यक्ष गुलाम मुस्तफा ने सभी देशवासियों से अपील की के राष्ट्रीय तिरंगा ध्वज हम सभी देशवासियों की आन बान और शान है और इसके आन बान शान को हम सभी देशवासियों को मरते दम तक कायम रखना है चाहे इसके लिए हम सभी को तन मन धन का त्याग और बलिदान क्यों ना देना पड़े । जन गण मन अधिनायक जय है भारत भाग्य विधाता ! सारे जहाँ से अच्छा हिंदुस्तान हमारा । भारतीय एकता कमेटी के पदाधिकारी गणों ने राष्ट्रीय ध्वज को स्वतंत्रता दिवस के शुभ अवसर पर घर-घर में तिरंगा फहराने की अपील की।

## मनोज कुमार ने उत्पाद एवं मद्य निषेध विभाग के सचिव के रूप में किया पदभार ग्रहण



**चक्रधरपुरः** भारतीय प्रशासनिक सेवा 2007 बैच के आईएएस अधिकारी मनोज कुमार ने उत्पाद एवं मद्य निषेध विभाग के सचिव के रूप में अपना योगदान दिया। पदभार ग्रहण करने के पश्चात श्री कुमार ने अपनी प्राथमिकता में बताया कि विभाग अधीन कार्यों का निस्पादन बेहतर व सुदृढ़ तरीका से सम्पादित हो यह उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता है। उत्पाद एवं मद्य निषेध विभाग अधीन दायित्वों एवं कार्यों का निपटारा और विभाग अधीन कार्यों को पूर्णरूपेण गति देने का हर संभव प्रयास किये जायेंगे। इस विभाग अधीन कार्यों को और ठोस और कारगर बनाने के लिए भी पहल होंगे। गौरतलब हो कि अपने बेहतर कार्य प्रणाली और ससमय कार्यों का निष्पादन के लिए पहचाने जाने वाले आईएएस अधिकारी मनोज कुमार को महिला बालविकास एवं सामाजिक सुरक्षा विभाग के सचिव के अलावे उत्पाद एवं मद्य निषेध विभाग का भी अतिरिक्त प्रभार मिला है।

## प्रखंड विस्तार से आएगी मजबूती



**मुरीः** आज झारखंडी भाषा खतियान संघर्ष समिति झारखंड के तत्वावधान में लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा द्वारा प्रखंड विस्तार कार्यक्रम का आयोजन मुरी सिंगपुर लॉज में किया गया है। जिसमे कहा गया कि प्रखंड विस्तार से मजबूती आएगी।संचालन हरे कृष्णा महतो ने किया। प्रखंड कमिटी के विस्तार में अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, सचिव, कोषाध्यक्ष पद के लिए सदस्यों को चुना गया।मु ख्य अतिथि देवेन्द्र महतो के साथ दिनेश चौधरी, कृष्णा महतो, जाकिर खान, चरण महतो, राजेन्द्र महतो समेत काफी संख्या में लोग मौजूद थे।

## सीआरपीएफ ने हर घर तिरंगा अभियान के तहत 150 मीटर झंडे के साथ निकाली रैली



रांचीःआजादी के अमृत महोत्सव के विभिन्न कार्यकमों के कम में मंगलवार को सीआरपीएफ ग्रुप केन्द्र रांची के उप महानिरीक्षक डीएन लाल के नेतृत्व में 'हर घर तिरंगा अभियान के तहत 150 मीटर के झंडे के साथ ग्रुप केन्द्र रांची से बालालौंग चौक तक रैली निकाली गई।

इस रैली में ग्रुप केन्द्र रांची, रेंज रांची एवं कम्पोजिट अस्पताल रांची के समस्त कार्मिकों के साथ-साथ सरस्वती शिशु शिक्षा मंदिर, धुर्वा के 112 स्कूली छात्र-छात्राओं एवं स्कूल के शिक्षकों ने भी बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया। जब यह रैली भारत माता की जयकारे लगाते एवं तिरंगा लहराते हुए बालालौंग चौक से गुजरी तो उस वक्त पूरा ईलाका भारत माता की जय के नारे से गुंजायमान हो उठा। इस जयकारे में स्थानीय लोगों का उत्साह भी चरम पर रहा। ग्रुप केन्द्र रांची के उप महानिरीक्षक डीएन लाल एवं कमाण्डेंट राजीव कुमार तथा अन्य अधिकारियों के जरिये स्थानीय लोगों के साथ-साथ आने जाने वाली वाहनों के बीच तिरंगे का वितरण किया गया। उन्हें अपने अपने घरों पर तिरंगा लगाने के लिए प्रोत्साहित किया गया।

# अटकी परियोजनाओं के काम में लायें तेजी : नितिन गडकरी

**रांची/नई दिल्लीः** केंद्रीय सड़क, परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय के मंत्री नितिन गडकरी ने नयी दिल्ली में दूसरे दिनमंगलवारको भी झारखंड सहित चार राज्यों के हाइवे प्रोजेक्ट की समीक्षा की। केंद्रीय मंत्री ने रिव्यू में झारखंड के पथ निर्माण विभाग व वन विभाग के पदाधिकाररियों, भू-राजस्व विभाग व एनएचएआई के अधिकारियों के साथ राज्य की लंबित परियोजनाओं की जानकारी ली। यह बात सामने आयी कि जमीन अधिग्रहण और वन भूमि



क्लीयरेंस की वजह से राज्य की कई हाइवे परियोजना लंबित चल रही है। कई महत्वपूर्ण नेशनल हाइवे की सड़कों पर अतिक्रमण भी है, जिसे हटाया नहीं जा रहा है

कोलकाता-रांची-वाराणसी एक्सप्रेस-वे का काम झारखंड में अब भी शुरू नहीं हो सका है, जबकि इसका टेंडर पहले ही डिसाइड हो चुका है। राज्य के छह जिलों से गुजरनेवाले इस हाइवे मे कई जगह जमीन की भी समस्या है। इसी तरह रांची-कुडू-वाराणसी रोड परियोजना में भी आ रही समस्याओं की भी जानकारी ली गयी। जमीन के बदले दूसरी जगह वन रोपण के लिए जमीन लेकर वन विभाग को सौंपने के नियम पर भी चर्चा हुई। मंत्री ने इस पर वन विभाग के अधिकारियों को भी निर्देश दिये। केंद्रीय मंत्री ने झारखंड में चल रहे सारे रोड प्रोजेक्ट के काम को तेजी से पूरा कराने का निर्देश अधिकारियों को दिया है। समीक्षा बैठक में उत्तर प्रदेश, कर्नाटक, झारखंड, उड़ीसा राज्यों की 100 करोड़ से अधिक की हाइवे परियोजना की प्रगति पर चर्चा हुई।

## जेएसएससी सीजीएल परीक्षा 21 और 22 सितंबर को, नोटिस जारी

**रांचीः** झारखंड कर्मचारी चयन आयोग ( जेएसएससी )झारखंड सामान्य स्नातक योग्यताधारी संयुक्त प्रतियोगिता परीक्षा 2023 का आयोजन 21 सितंबर और 22 सितंबर को करेगी। इसके लिए मंगलवार को जेएसएससी में नोटिफिकेशन जारी किया है।

उल्लेखनीय है कि जेएसएससी द्वारा इस परीक्षा का आयोजन बीते 28 जनवरी और 4 फरवरी को होना था। 28 जनवरी को परीक्षा का आयोजन किया भी गया था लेकिन उसका प्रश्न पत्र लीक हो गया था, जिसके बाद विरोध-प्रदर्शन के बाद परीक्षा को रद्द कर दिया गया था।

# भाजयुमो ने निकाला तिरंगा यात्रा सह बाइक जुलूस, सांसद-विधायक हुए शामिल

**पलामू,:** हर घर तिरंगा अभियान के तहत भारतीय जनता युवा मोर्चा पलामू जिला के नेतृत्व में मंगलवार को मेदिनीनगर में डालटनगंज विधानसभा क्षेत्र का तिरंगा यात्रा सह बाइक जुलूस निकाला गया। यह जुलूस एरिगेशन मैदान रेड़मा काली मंदिर के सामने से शुरू होकर रेड़मा चौक, दो नंबर टाउन, बेलवटिकर, सुभाष चौक छःमुहान, बस स्टैंड सुदना, बैरिया चौक, बीस फूटा, भारत माता चौक, भगत सिंह चौक होते हुए छःमुहान पहुंच कर समाप्त हुआ। बाइक रैली में कार्यकर्ता भारत माता की जय, वंदे मातरम के नारे लगा रहे थे।



मौके पर पलामू के सांसद विष्णु दयाल राम, विधायक आलोक चौरसिया, भाजपा प्रदेश महामंत्री मनोज सिंह, वरिष्ठ भाजपा नेता श्याम नारायण दुबे, जिला अध्यक्ष अमित तिवारी, जिला महामंत्री द्वय विजय ठाकुर, ज्योति पांडे, निवर्तमान महापौर श्रीमती अरुणा शंकर, निवर्तमान उपमहापौर मंगल सिंह, पूर्व जिला अध्यक्ष नरेंद्र पांडे, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य दुर्गा जौहरी, अविनाश वर्मा, प्रफुल सिंह, विभाकरा नारायण पांडे, भाजयुमो प्रमंडल प्रभारी दीपक सिंह, भाजयुमो जिला प्रभारी रघुवीर यादव, भाजयुमो जिला अध्यक्ष विपुल कुमार गुप्ता एवं वरिष्ठ नेता एवं कार्यकर्तागण उपस्थित थे।

सांसद ने कहा कि हर घर तिरंगा अभियान से न केवल नई पीढ़ी बल्कि देश के सभी नागरिकों में राष्ट्रीय ध्वज के प्रति गर्व और सम्मान बढ़ेगा। डालटनगंज विधायक आलोक चौरसिया ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा शुरू किया गया हर घर तिरंगा अभियान का मुख्य उद्देश्य है कि देश के हर घर में तिरंगा झंडा प्रदर्शित हो। ह्लयह सिर्फ एक यात्रा नहीं है, बल्कि हमारे तिरंगे के प्रति अटूट प्रेम और सम्मान की एक जीवंत मिसाल है।

## कांके की जन समस्याओं का समाधान हमारी प्राथमिकता : विजय कुमार

### रांची जिला राजद का प्रतिनिधिमंडल मंडल बीडीओ कांके से मिला



**रांची :** रांची जिला राजद के अध्यक्ष धर्मेंद्र महतो के नेतृत्व में एक प्रतिमंडल मंगलवार को कांके प्रखंड विकास पदाधिकारी विजय कुमार और कांके थाना के नए प्रभारी केके साहू से मिला और उन्हें पुष्पगुच्छ देकर उनका स्वागत किया। इस मौके पर कांके प्रखंड विकास पदाधिकारी विजय कुमार ने कहा कि कांके प्रखंड की स्थानीय समस्याओं का समाधान करना हमारी प्राथमिकता रहेगी। वही कांके थाना के नए प्रभारी के के साहू ने कहा कि क्षेत्र में शांति बहाल करना तथा लोगों को सुरक्षा प्रदान करना मेरी प्राथमिकता रहेगी । प्रतिनिधि मंडल में शामिल पदाधिकारियों ने भी कहा है कि जनता की सेवा में जब भी जरूरत होगी राजद कार्यकर्ता हमेशा आपका सहयोग करने के लिए मुस्तैद रहेंगे। प्रतिनिधि मंडल में श्री महतो के अलावा सलिल अंसारी, यशवंत यादव, सूरज

# 27 एवं 28 अगस्त को जन्माष्टमी उत्सव का होगा भव्य आयोजन

रांचीः श्री शिव मंदिर महावीर मंदिर न्यास समिति के द्वारा हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी जन्माष्टमी का आयोजन मंदिर ट्रस्ट द्वारा संचालित श्री राधा कृष्ण मंदिर में 27 अगस्त एवं 28 अगस्त को आयोजित की जाएगी कार्यक्रम की सफलता हेतु एक कार्यकारिणी की बैठक धर्मशाला परिसर में आयोजित की गई बैठक में सर्वसममाती से निर्णय लिया गया कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी श्री राम भरत मिलाप समिति के द्वारा श्री राधा कृष्ण बाल रूप सज्जा प्रतियोगिता का आयोजन जन्माष्टमी के दिन 27 अगस्त को मंदिर परिसर में संध्या 7:00 बजे से आयोजित की जाएगी तथा 10:30 बजे से 12:00 तक भजनों का कार्यक्रम चलेगा 12:00



भगवान के जन्म के पश्चात प्रसाद का वितरण किया जाएगा तथा 28 अगस्त को जन्मोत्सव समारोह का आयोजन तथा बाल रूप सजा प्रतियोगिता के विजेताओं को पुरस्कार का वितरण किया जाएगा। प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए मंदिर परिसर एवं श्री राम भरत मिलाप कार्यालय डोरंडा बाजार में फार्म उपलब्ध 16 अगस्त से रहेगा। बैठक की अध्यक्षता समिति के हरिप्रसाद विजयवर्गीय ने की, बैठक में मुख्य रूप से सरदार अशोक सिंह, रवि शंकर, पुरुषोत्तम दास, उमेश बर्मन, बजरंग प्रसाद गुप्ता ,रोहित शारदा, जय नारायण विजय, आनंद गुप्ता, देवदास विजय ,अनूप गुप्ता, योगेश्वर दुबे सहित अन्य सदस्य सम्मिलित थे।

## रांची में अब डायल-112 के क्यूआर कोड से करें शिकायत

**रांचीः** पुलिस ने महिला सुरक्षा के मद्देनजर और एटीएम संबंधी अपराध की रोकथाम एवं त्वरित कार्रवाई के लिए डायल-112 का क्यूआर कोड बनाया है। डीआईजी अनूप बिरथरे, एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा, सिटी एसपी राजकुमार मेहता और ग्रामीण एसपी सुमित कुमार अग्रवाल ने बुधवार को संयुक्त रूप से क्यूआर कोड का विमोचन किया। डीआईजी ने बताया कि इस क्यूआर कोड जिला के सभी ऑटो, ई-रिक्शा और नगर निगम के सभी बसों पर चिपकाया जायेगा। इसे महिला आसानी से स्कैन कर डायल-112 में छेड़खानी संबंधी और अन्य शिकायत दर्ज कर सकेंगी। इसी प्रकार एटीएम संबंधी धोखाधड़ी या साईबर अपराध की सूचना और शिकायत के लिए क्यूआर कोड बनाया गया है। इसे शहर के



सभी एटीएम में चिपकाया जायेगा। इससे सभी लोग आसानी से आवश्यकता पड़ने पर स्कैन कर डायल-112 में अपनी शिकायत दर्ज करा सकेंगे। इस प्रकार इन क्यूआर कोड की की व्यवस्था के माध्यम से डायल-112 को और अधिक प्रभावी बनाया गया है ताकि लोग आसानी से अपनी शिकायतें दर्ज कर सके एवं उनको त्वरित सहायता मिल सके।उल्लेखनीय है कि डीजीपी और आईजी अभियान के निर्देश पर क्यूआर कोड बनाया गया है।

# चन्द्रप्रभा देवी की पुण्य तिथि पर किया भोजन वितरण

**मेट्रो रेज**

**चक्रधरपुर :** जगन्नाथपुर डिग्री कॉलेज के प्रचार्य प्रो विकास कुमार मिश्रा की माता स्व चन्द्रप्रभा देवी के 23वीं पुण्य तिथि पर आज जननायक समिति के तत्वावधान में स्टेशन परिसर के निकट प्रभुजनों के बीच भोजन वितरण किया गया। इस अवसर पर काफी संख्या में आर्थिक रूप से कमजोर, दिव्यांग, वृद्ध लोगों के बीच लजीज भोजन का वितरण किया गया। इस अवसर पर प्रो0 मिश्रा ने कहा कि भूखों को भोजन कराने से बड़ा पूण्य कार्य कोई भी नहीं है और जननायक समिति हमेशा जनसूधि का कार्यों से लोगों को काफी राहत पहुंचाती है। यह सामाजिक संस्था मानव कल्याण कार्यों के कारण बेहतर और उत्कृष्ठ रूप से पहचाना जाता है इस सामाजिक संस्थान के तत्वाधान में भोजन वितरण कार्यक्रम अपने आप में उपलब्धि भरा कार्य है जिसे बेहतर और उत्कृष्ठ कार्य माना जाता है। भूखों के बीच भोजन वितरण से लोगों को हार्दिक प्रसन्नता होती है वह अपने आप में अलौकिक कार्य है। श्री मिश्रा प्रति वर्ष 13 अगस्त को अपनी माता के पूण्य तिथि के दिन परिजनों के साथ भोजन वितरण कर असीम सुख की अनुभूति महसूस करते हैं। इस अवसर पर भगेरिया फाउण्डेशन के प्रमुख बिनोद भगेरिया ने कहा कि जननायक समिति वैसे लोगों के लिए आशा की किरण है और विगत पांच वर्षों से अधिक समय से यह पुनित कार्य कर रहा है जो अपने आप में गौरव का विषय है। श्री भगेरिया ने कहा कि जननायक समिति के तत्वावधान में विगत कई वर्षों से निरंतर भोजन वितरण कार्यक्रम का आयोजन निरंतर जारी है और मानवता संवेदना तथा परोपकारिता से यह सामाजिक संगठन पूरे राज्य में अपनी दमदार पहचान रखता है। इस संस्था से जुड़े सभी लोग बधाई के पात्र हैं जिनकी सहभागिता से यह पुनित कार्य निरंतर जारी है। इस अवसर पर उमेश विश्वकर्मा, हर्ष मिश्रा, जया आस्था, यश भारद्वाज, रिक्की छावड़ा के अलावा अन्य लोग भी उपस्थित थें।









# एसपी दीपक पांडेय सहित झारखंड के 19 पुलिसकर्मियों को वीरता के लिए मिलेगा मेडल



**मेट्रो रेज**

**रांची:** स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर एसपी दीपक पांडेय सहित झारखंड के 19 पुलिसकर्मियों और पदाधिकारियों को विभिन्न श्रेणियों में वीरता पदक और सराहनीय सेवा पदक से सम्मानित किया जायेगा। सात पुलिस कर्मियों को वीरता के लिए और 11 पुलिस कर्मियों को सराहनीय सेवा के लिए पदक दिया जायेगा।

वहीं पहली बार झारखंड फायर सर्विस के कर्मियों को वीरता पदक दिया जायेगा। इसके अलावा झारखंड अग्निशमन विभाग के फायरमैन प्यारेलाल तांबवार को वीरता पदक मिलेगा।

### इन्हें मिलेगा वीरता पदक

- एसपी दीपक पांडेय
- सब इंस्पेक्टर विश्वजीत सिंह
- एएसआई सच्चिदानंद सिंह
- हवलदार उमेश सिंह
- सिपाही सुभाष दास
- सिपाही रविंद्र टोप्पो
- सिपाही गोपाल गंझु

### इन्हें मिलेगा सराहनीय सेवा पदक

- सिपाही रविंद्र कुमार सिंह
- सिपाही विमल कुमार छेत्री
- हवलदार सलोमी मिंज
- हवलदार संजय उरांव
- सिपाही हेमा रानी
- सिपाही रेखा कुमारी
- सिपाही संजीव गुप्ता
- हवलदार ऋतुराज
- हवलदार राजेंद्र राम
- हवलदार अरुण उरांव
- हवलदार संजय कुमार

## एसपी के निर्देश पर चलाया गया एंटी क्राइम चेकिंग अभियान



**रांची:** रांची के ग्रामीण एसपी सुमित कुमार अग्रवाल के निर्देश पर मंगलवार देर रात ग्रामीण क्षेत्रों में एंटी क्राइम चेकिंग अभियान चलाया गया। इस दौरान दशमफॉल, राहे, मांडर, चान्हो, सोनाहातू, लापुंग, दलादली, इटकी, मुरी, महिला थाना बुंडू, नगड़ी, रातु, तमाड़, ओरमांझी, बुढ़मू और सिल्ली थाना द्वारा चेकिंग की गयी। ग्रामीण एसपी ने बताया कि रात में अड्डा बाजी करने वाले के खिलाफ अभियान चलाया गया। साथ ही एंटी क्राइम चेकिंग अभियान भी चलाया गया। चेकिंग के दौरान पकड़े लोगों पर न्याय संगत कार्रवाई की गई।

## स्वतंत्रता दिवस को लेकर झारखंड पुलिस अलर्ट

**रांची:** झारखंड पुलिस मुख्यालय की ओर से स्वतंत्रता दिवस को लेकर राज्य के सभी जिले के एसएसपी-एसपी को विशेष सर्तकता बरतने का आदेश दिया गया है। खासकर नक्सल प्रभावित इलाकों में पैनी नजर रखने को कहा गया है। साथ ही नक्सल प्रभावित इलाकों में अभियान के दौरान सर्तकता बरतने को कहा गया है। नक्सली संगठन भाकपा माओवादी 15 अगस्त के मौके पर अपने प्रभाव वाले इलाके में काला झंडा फहराने की कोशिश करते हैं। इसे लेकर कड़ी निगरानी रखने को कहा गया है। डीजीपी अनुराग गुप्ता ने बताया कि नक्सल प्रभावित जिलों के साथ-साथ सामान्य जिलों में भी पुलिस को लगातार गश्त करने की हिदायत दी गई है। पुलिस मुख्यालय के जरिये आदेश जारी कर नक्सलियों की गतिविधियों पर विशेष नजर रखने को कहा गया है।


**झारखण्ड सरकार**
**राज्य ग्रामीण विकास संस्थान**
**हेहल, राँची**

पत्रांक–II-04/2020/569 दिनांक–13/08/2024

**सूचना**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि संस्थान के कार्यालय एवं छात्रावास के उपयोगार्थ पुराने एवं बेकार सामग्रियो की बिक्री के निमित PR-331223 (SIRD) 2024-25 दिनांक 31.07.2024 के द्वारा निविदा का प्रकाशन किया गया था, जिसमें निविदा खोलने की तिथि दिनांक– 16.08.2024 को अपराह्न 3:00 बजे निर्धारित किया गया था, जिसे विस्तारित करते हुए निविदाकर्त्ता मुहरबन्द निविदा दिनांक– 27.08.2024 तक अपराह्न 3:00 बजे कार्यालय में जमा कर सकते है।

अतः निविदा दिनांक– 28.08.2024 को निदेशक, सर्ड के द्वारा गठित आन्तरिक क्रय समिति के सदस्यों के समक्ष कार्यालय कक्ष में अपराह्न 3:00 बजे खोली जायेगी।

ह०/–
प्रभारी पदाधिकारी (लेखा)
राज्य ग्रामीण विकास संस्थान, राँची।

PR.NO.332634 SIRD(24-25):D


# युवा मूकदर्शक नहीं, राज्य के बदलाव का वाहक बनें: सुदेश महतो




**मेट्रो रेज**

**रांची:** युवा आजसू के सभी पदाधिकारी आने वाले दिनों में न सिर्फ खुद को सवारेंगे, बल्कि राज्य के भविष्य को संवारने का नेतृत्व भी करेंगे। युवा आजसू के सभी साथी जनता के हक-हकूक के लिए पूरी प्रतिबद्धता के साथ काम करें और निर्भीक होकर सत्ता परिवर्तन के लिए संघर्ष के लिए तैयार रहें।

यह बात पार्टी अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो ने मंगलवार को हरमू स्थित केंद्रीय कार्यालय में आयोजित युवा आजसू रांची जिला ग्रामीण प्रतिनिधि सम्मेलन में कही। इस सम्मेलन में रांची के विभिन्न प्रखंडों और पंचायतों के युवा प्रतिनिधियों ने हिस्सा लिया और अपने पद की शपथ ली। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार के पास युवाओं के विकास को लेकर कोई मापदंड नहीं है। अनुबंध कर्मियों से समान काम, समान वेतन, समान अवसर का वादा हो या युवाओं को पांच लाख नौकरियां देने की घोषणा सभी मुद्दों पर सरकार अपनी जुबान से पलट गई है। इन्होंने सभी को छला है और अपने किए वादों को पूरा न कर मुख्यमंत्री पद की गरिमा को धूमिल किया है।

महतो ने कहा कि युवाओं का हक केवल वोट करना नहीं, बल्कि जवाबदेह नेता तैयार करने का दायित्व भी उन पर है। युवा आजसू के सभी पदाधिकारी गांव की चौपाल में बैठकर जनता को सरकार की वादाखिलाफियों से अवगत कराएं। नौजवानों के सपनों को पूरा करने के लिए राज्य में एक बेहतर वातावरण तैयार करना हमारा संकल्प। यह समय राज्य में नए परिणाम और नए विश्वास को स्थापित करने का है। उन्होंने कहा कि इस सरकार ने हर साल पांच लाख रोजगार देने का वादा किया था, इस संबंध में कुछ भी काम नहीं हुआ है। इस मौके पर केंद्रीय प्रवक्ता देव शरण भगत, पूर्व डीआईजी संजय रंजन, केंद्रीय सचिव जितेंद्र सिंह, युवा जिला प्रभारी आतिश महतो, युवा संयोजक गदाधर महतो, युवा संयोजक जब्बार अंसारी, युवा संयोजक अमित कुमार, अमित महतो, युवा प्रदेश संयोजक युवा गौतम सिंह समेत जिले के 18 ब्लॉक के विभिन्न ग्रामीण इलाकों से आए युवा आजसू के सैकड़ों कार्यकर्ता व पदाधिकारी उपस्थित थे।


**ऊर्जा विभाग**
**झारखण्ड सरकार, विद्युत कार्यपालक अभियन्ता, विद्युत कार्य प्रमण्डल, इंजीनियरिंग हॉस्टल नं0–2, धुर्वा, राँची।**

**अल्पकालीन ई–प्रोक्योरमेंट सूचना**

ई–निविदा प्रसंग सं0– Energy/EWD/Ranchi/42/2024-25 दिनांक– 13/08/2024

| 1. | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (रूपये में) | परिमाण विपत्र का मूल्य | अग्रधन की राशि | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| I | पुलिस मुख्यालय, धुर्वा, राँची मे 1 अदद् 600 के0वी0ए0 ट्रॉसफार्मर एच0टी0 एवं एल0टी0 केबल केबल, क्यूबिकल पैनल के साथ अधिष्ठापन का कार्य। | 22,23,713=00 | 5,000=00 | 45,000=00 | 42 दिन |
| 2. | वेबसाईट पर निविदा प्रकाशन की तिथि | 22.08.2024 | | | |
| 3. | निविदा जमा करने की तिथि | 23.08.2024 के 10.30 बजे पूर्वाह्न से 29.08.2024 के 2.00 बजे अपराह्न तक | | | |
| 4. | निविदा खोलने की तिथि | 30.08.2024 को 3.00 बजे अपराह्न में | | | |
| 5. | निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता | विद्युत कार्यपालक अभियन्ता, विद्युत कार्य प्रमण्डल, राँची। | | | |
| 6. | निविदा खोलने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता | विद्युत कार्यपालक अभियन्ता, विद्युत कार्य प्रमण्डल, राँची। | | | |
| 7. | ई प्रोक्युरमेन्ट प्रकोष्ट का फोन नं0 | 0651–2490069 | | | |

Note :- Tender Fee and Earnest Money Deposit (EMD) are to be paid through online mode only as per Instruction of IT Dept. Govt. of Jharkhand Letter no.-120 Dated- 03-10-2023.

निविदा से संबंधित विस्तृत जानकारी हेतु वेबसाईट http://jharkhandtenders.gov.in मे देखा जा सकता है।

विद्युत कार्यपालक अभियन्ता
विद्युत कार्य प्रमण्डल, राँची।

PR 332691 (Energy) 24-25 (D)


## डीजीपी ने नक्सलियों के खिलाफ रणनीति बनाकर राज्य को नक्सलमुक्त करने के दिये निर्देश



**रांची:** डीजीपी अनुराग गुप्ता ने मंगलवार को पुलिस मुख्यालय सभागार में राज्य में नक्सलियों से जुड़े गतिविधि और स्प्लिंटर ग्रुप पर की जाने वाली कार्रवाई की समीक्षा के लिए वीडियो कॉन्फ्रेसिंग के माध्यम से बैठक आयोजित की। आईजी अभियान एवी होमकर ने बैठक के शुरूआत में समीक्षा बैठक के एजेंडा बिन्दुओं पर प्रस्तुति दी। बैठक के दौरान आईजी स्पेशल ब्रांच ने सभी सक्रिय नक्सली और नक्सली संगठन से जुड़े गतिविधि एवं स्प्लिंटर ग्रुप की संपूर्ण विवरणी को प्रस्तुत किया।

डीजीपी ने राज्य के विभिन्न जिलों में कार्यरत पिकेटों के वर्तमान संख्या की स्थिति एवं उसकी अवश्यकता, सभी महत्वपूर्ण नक्सली और स्प्लिंटर ग्रुप के प्रोफाइल का रखरखाव, यदि कोई महत्वपूर्ण नक्सली, जो जमानत पर रिहा हुआ हो, उसकी गतिविधि पर नजर बनाये रखने, पुलिस पोस्टों का सुरक्षा ऑडिट, नक्सली के समर्पण राशि के भुगतान की स्थिति, मुआवजा राशि का बकाया भुगतान, फरार नक्सलियों की संपत्ति की कुर्की किये जाने के संबंध में, नक्सली के खिलाफ खुफिया जानकारी एकत्र करने और खुफिया जानकारी साझा करने में यदि कोई समस्या हो, राज्य के नक्सली क्षेत्रों में मोबाइल संचार तथा महत्वपूर्ण सड़क पुल, पुलिया की स्थिति के संबंध में विस्तृत रूप से समीक्षा किया गया।

डीजीपी ने चाईबासा, बोकारो , चतरा, गिरिडीह, लातेहार एवं पलामू के एसपी को नक्सलियों के विरूद्ध ठोस रणनीति बनाकर राज्य को नक्सलमुक्त करने के लिए आवश्यक दिशा निर्देश दिया। नक्सलियों के लिये सभी एसपी को प्रभावी कार्रवाई करने की आवश्यकता है, साथ ही उन्होंने लगातार चलाये जा रहे अभियान के दौरान राज्य एवं केन्द्रीय बलों के आपसी संबंध, एक दूसरे से सहयोग एवं प्राप्त सूचना पर तत्काल कार्रवाई के बिन्दु पर काफी जोर दिया। चरण-बद्ध एवं समय-बद्ध तरीके से नक्सलियों पर कारगर कार्रवाई के रूप-रेखा तैयार करने एवं नक्सलियों पर शिकंजा कसने के लिए नक्सलियों की अवैध उगाही पर सभी एसपी को हर हाल में अंकुश लगाने का निर्देश दिया।



## राज्यपाल ने उपराष्ट्रपति से की मुलाकात

**रांची:** राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने बुधवार को उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ से नई दिल्ली स्थित उप-राष्ट्रपति निवास में मुलाकात की।


**अनुसंधान प्रशिक्षण विद्यालय, झारखण्ड, राँची,**

**निविदा आमंत्रण सूचना संख्या–01/2024–25**

1. विज्ञापन दाता का नाम :– पुलिस अधीक्षक, अनुसंधान प्रशिक्षण विद्यालय, झारखण्ड, राँची
2. निविदा प्रपत्र की बिक्री की तिथि :– 19.08.2024 से 21.08.2024
3. निविदा प्रपत्र की बिक्री का स्थान :– सरकारी सम्पति शाखा, अनु0प्रशि0वि0, झारखण्ड, राँची।
4. निविदा प्रपत्र शुल्क :– रू0 500/–
5. निविदा प्रपत्र प्राप्ति की तिथि एवं समय :– 27.08.2024 को 11.00 से 04.00 बजे तक
6. निविदा प्रपत्र प्राप्ति का स्थान :– अनुसंधान प्रशिक्षण विद्यालय, झारखण्ड, राँची
7. निविदा खोलने की तिथि, समय एवं स्थान :– 29.08.2024, 11.30 बजे पूर्वाह्न
8. कार्य का विस्तृत विवरण

| क्र0सं0 | कार्य का नाम | वातानुकूलित (AC) संयत्रों की संख्या | तकनीकी अनुमोदित राशि |
|---|---|---|---|
| 1. | Semi Comprehensive Annual Maintenance of Air Conditioners Installed at Investigation Training School, Hotwar, Ranchi. | 46 (छियालीस) | 3,20,220.00/– |

ह0/–
12.08.2024
पुलिस अधीक्षक, अनुसंधान प्रशिक्षण विद्यालय, झारखण्ड, राँची।

PR 332653 Police(24-25)D



**झारखण्ड सरकार**
**कारा निरीक्षणालय**
**उप कारा, खूँटी**

**ई०–निविदा सूचना**

**HJ & DM/SJ-KHUNTI/Q-4/2024/4101**

1. कारा का नाम– उप कारा, खूँटी।
2. विषय– कारा में संसीमित बंदियों के भोजनादी की व्यवस्था हेतु विभिन्न प्रकार के खाद्यान्नों, हरी सब्जी, आलु, फल, चीनी एवं अन्य विविध सामग्रियों के क्रय/आपूर्ति के निमित्त ई.–निविदा का आमंत्रण।
(चतुर्थ त्रैमासिक निविदा दिनांक–01.10.2024 से 31.12.2024 तक)
3. निविदा प्रपत्र का मूल्य (Non refundable) Online स्वीकार की जायेगी, जो निम्न प्रकार है– 5,000.00 (पाँच हजार रूपये) मात्र।
4. वेबसाईट पर निविदा प्रपत्र के उपलब्धता की तिथि एवं समय–30.08.2024 से 05.09.2024 के अपराह्न 04:00 बजे तक।
5. निविदा Online upload करने की तिथि– 30.08.2024 से 05.09.2024 के अपराह्न 04:00 बजे तक।
6. आपूर्ति हेतु खाद्य सामग्रियों का नमूना (Sample) जमा करने की तिथि–
दिनांक–06.09.2024 से 07.09.2024 के अपराह्न 05:00 बजे तक कार्यालय अवधि में जमा करना होगा।
7. अग्रधन राशि (EMD) (₹2500/– से अधिक होने पर) जमा करने की तिथि।
दिनांक–06.09.2024 से 07.09.2024 के अपराह्न 05:00 बजे तक कार्यालय अवधि में जमा करना होगा।
8. निविदा के खुलने की तिथि/समय/स्थान–
तिथि–09.09.2024 को पूर्वाह्न 11:00 बजे अनुमंडल पदाधिकारी, खूँटी के कार्यालय कक्ष में अनुमंडल पदाधिकारी, खूँटी की उपस्थिति में।

नोटः–

1. उपर्युक्त निविदा झारखण्ड सरकार की वेबसाईट https://jharkhandtenders.gov.in पर केवल e-Tender के माध्यम से प्राप्त/स्वीकृत की जायेगी।
2. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल Online ही स्वीकार की जायेगी।
3. अतिरिक्त सूचना प्राप्ति हेतु अधीक्षक, उप कारा, खूँटी के कार्यालय में कार्यालय अवधि मे सम्पर्क स्थापित किया जा सकता है। e-Tender को online upload करने से संबंधित जानकारी हेतु कार्यालय अवधि मे Helpline No. 9430342752 से सम्पर्क किया जा सकता है।

अधीक्षक,
उप कारा, खूँटी

PR 332602 (Prison) 24-25 (D)



**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, गुमला**
**mail-rdsdgumla123@gmail.com**

**अति अल्पकालीन ई-निविदा आमंत्रण सूचना**

ई– निविदा सूचना संख्या – RDD/SD/GUMLA/10/2024-25

1. कार्य की विस्तृत विवरणी :

| ग्रुप० सं० | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | गुमला जिलान्तर्गत चैनपुर प्रखण्ड के जनावल पंचायत के ग्राम राजाडेरा एवं नवगई डिपाडीह पथ के बीच शंख नदी पर उच्चस्तरीय पुल निर्माण। | 4,67,52,700.00 | 9,35,100.00 | 10,000.00 | 18 माह |
| 2 | गुमला जिलान्तर्गत रायडीह प्रखण्ड के ग्राम चीरगाँव से डीपाटोली के बीच कुदारी नदी पर उच्चस्तरीय पुल निर्माण। | 4,08,47,100.00 | 8,17,000.00 | 10,000.00 | 18 माह |

2. वेबसाइट मे निविदा प्रकाशन की तिथि – 21.08.2024
3. ई–निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय – दिनांक 21.08.2024 से दिनांक 28.08.2024 को अपराह्न 5:00 बजे तक
4. ई–निविदा खोलने का स्थान – कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, गुमला।
5. ई–निविदा खोलने की तिथि एवं समय – 30.08.2024 अपराह्न 2:00 बजे
6. ई–निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :– कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, गुमला।
7. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं० – 8709875092 (संबंधित कार्यपालक अभियंता का दूरभाष नम्बर)
8. परिमाण विपत्र की राशि घट–बढ सकती है तदनुसार अग्रधन की राशि देय होगी।
9. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल Online Mode द्वारा स्वीकार्य होगी।
10. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई–भुगतान जिस खाता से किया जायेगा, उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी। अगर खाता को बंद कर दिया जाता है तो उसकी सारी जवाबदेही आपकी होगी।

विस्तृत जानकारी के लिये वेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in एवं कार्यालय की सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, गुमला

PR 332642 Rural Development (24-25)_D

## सूक्ति

उठो और तब तक चलो जब तक की तुम्हें तुम्हारी मंजिल नहीं मिल जाती है। - विवेकानंद

## अब सीबीआई जांच

**कोलकाता** के आरजी कर मेडिकल कॉलेज व हॉस्पिटल में महिला डॉक्टर के दुष्कर्म व हत्या के मामले की सीबीआई जांच की संस्तुति वाकई अच्छी खबर है। गौर करने वाली बात है कि एक दिन पहले जूनियर ड़ॉक्टरों की हड़ताल और प्रदर्शन के बाद पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने सीबीआई जांच कराने की बात की थीङ्क परंतु पुलिस को सात दिन का समय देने पर प्रदर्शनकारी सवाल भी उठ रहे थे। इस बीच देश भर के अस्पतालों में ड़ॉक्टरों की हड़ताल से बेहाल मरीजों को राहत मिलेगी। क्योंकि लगातार दूसरे दिन भी ड़ॉक्टरों की देशभर में काम नहीं करने के कारण सरकार के लिए भी चुनौतियां बढ़ती जा रही थी। जिस डॉक्टर की हत्य हुई वह 20 किलोमीटर दूर से अस्पताल आती थी। घटना वाली रात ड़्यूटी के बाद वह कांफ्रेंस रूम में आराम करने गई थी। इस मामले में सहायक सुरक्षाकर्मी संजय राय को गिरफ्तार किया गया है। वहीं छात्रों का आरोप है कि जांच में लापरवाही हो रही है और पोस्टमार्टम रिपोर्ट देने में भी पुलिस ने काफी आना-कानी की। आरोपानुसार मृतका के शरीर पर चोटों के निशान थे और नजर आ रहा था कि बेहद निर्ममतापूर्वक हत्या की गई है। पुलिस को अंदेशा है कि हत्या के बाद बलात्कार के बाद की गई। हालांकि फॉरेंसिक रिपोर्ट के बाद ही आधिकारिक तौर पर कुछ कहा जाएगा। सिर्फ अस्पताल ही नहीं बल्कि राज्य में औरतों की सुरक्षा को लेकर भी लोग नाराज हैं। नेशनल क्राइम रिकॉर्ड. ब्यूरो के अनुसार 2022 में पश्चिम बंगाल में 1111 बलात्कार के मामले दर्ज किए गए। हालांकि इस मामले में बनर्जी ने कहा है कि वह मौत की सजा के खिलाफ हैं परंतु इस अभियुक्त को मौत की सजा का समर्थन करेंगी। 1973 में मुंबई के प्रसिद्ध केईएम अस्पताल में सफाइकर्मी ने नर्स अरुणा शानबॉग का बलात्कार करने के बाद हत्या का प्रयास किया था। वह 42 वर्ष तक कोमा में रहीं। रात्रि पाली में ड़्यूटी करने के बाद वह कपड़े. बदलने गई थी जब सोहन ने बलात्कार किया। इसके बावजूद आज तक रात की ड़्यूटी करने वाली महिलाओं की सुरक्षा को लेकर कोई व्यवस्था नहीं बनाई जा सकी। यह जानबूझकर की जा रही लापरवाही है। सिर्फ कड़े.कानून बनाने से ऐसी घटनाएं नहीं थम सकतीं। महिलाओं की सुरक्षा को लेकर लापरवाही करने वालों को भी बख्शा नहीं जाना चाहिए। ताकि महिलाओं पर होने वाले यौन अपराधों को रोका जा सके और वो बेखौफ अपनी ड़्यूटी निभा सकें।

## टुकड़े-टुकड़े परिसर

**शिक्षा** का मूल्यांकन करता राष्ट्रीय सर्वेक्षण देश के सौ संस्थानों में से हिमाचल के केवल तीन को चुनता है, जबकि एनआईटी हमीरपुर अपने अस्तित्व के फलक पर लुढक कर निराश कर रहा है। आईआईटी मंडी 33वें, आईआईएम सिरमौर 57वें, तो शूलिनी यूनिवर्सिटी 70वें स्थान पर विराजित होकर वो कार्य कर रहे हैं, जहां राज्य के अन्य विश्वविद्यालय सजावटी सिद्ध हो रहे हैं। यह दीगर है कि अपनी कैटेगिरी के राष्ट्रीय स्तर पर नौणी विश्वविद्यालय 18वें, तो कृषि विश्वविद्यालय 19वें रैंक पर कमोबेश अपनी हैसियत का बचाव करते हुए दिखाई देते हैं, वरना राष्ट्रीय पैमानों से दरकिनार हुई शिमला यूनिवर्सिटी की औकात को क्या कहें और मंडी विश्वविद्यालय का नाम ही क्यों लें। ले जाएं हिमाचल के सारे नेता और निचोड़ दें केंद्रीय विश्वविद्यालय को देहरा के सियासी आखेट में। न दें जदरांगल परिसर को घोषित तीस करोड़। बांट दें इस विश्वविद्यालय के टुकड़े-टुकड़े परिसर, लेकिन अंततः शिक्षा के बीज बोएगा कौन। शिक्षा कैसे हलाल हो सकती है, इसका उदाहरण है केंद्रीय विश्वविद्यालय धर्मशाला और इस जीत के लिए अनुराग ठाकुर, किशन कपूर, प्रेम कुमार धूमल, जयराम ठाकुर और अब सुखविंदर सिंह सुक्खू को बधाई। उन तमाम कुलपतियों को भी बधाई जो प्रतिष्ठित शिमला विश्वविद्यालय को इस हालात में पहुंचा चुके हैं कि आज देश के सामने यह परिसर शर्मिंदा है। हम फर्जी श्लाघा के किरदार हैं, इसलिए मंडी में विश्वविद्यालय को लेकर आज तक पकी खिचड़ी पर खुश हैं। आईआईटी मंडी और सिरमौर के आईआईएम के चमकने में हिमाचल कोई किरदार नहीं और न ही शूलिनी यूनिवर्सिटी के निजी प्रयास में कोई सरकार हकदार है। यही वजह है कि अब मात्रात्मक शिक्षा के प्रसार को ठुकरा कर हिमाचल की प्रतिभा राज्य की पाठ्य सामग्री और पाठ्यक्रमों से कहीं दूर अपने लिए गुणवत्ता की छांव ढूंढ रही है। अगर ढांचा अच्छा होता तो ये मीनारें यूं न टूटतीं, तेरी बस्ती में अब सन्नाटों के सिवा है क्या। कमोबेश हिमाचल के सभी कालेजों और विश्वविद्यालयों में शिक्षा का यह सत्र घाटे का है, नकारात्मकता का है, क्योंकि सैकड़ों की संख्या में सीटें खाली हैं। शिमला विश्वविद्यालय तक को हाथ जोड़ कर छात्रों का अभिनंदन करना पड़ रहा है। इसी बीच हिमाचल के राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल ने सरकारी विश्वविद्यालयों को शिक्षा में गुणवत्ता और आत्मनिर्भर परिसर बनने का मूल मंत्र दिया है। हम शिक्षित तो हो रहे हैं, लेकिन पढ़े-लिखे साबित नहीं हो रहे हैं। आज भी कृषि विश्वविद्यालय का असर खेत में नहीं, तो चिलगोजे की गांठ पर नौणी विश्वविद्यालय के शोध का कोई परिणाम नहीं। इस दौरान लोगों ने स्वयं खेती-खेत और बागबानी-बागीचे को बदल दिया है। प्रदेश में हजारों निजी नर्सरियां और बीज बिक्री केंद्र अब किसान-बागबान की मेहनत को नए अरमान दे रहे हैं। आईआईटी मंडी ने नवाचार में आठवां रैंक हासिल किया, तो उसकी फैकल्टी को प्रणाम, वरना हिमाचल के अपने संस्थानों में ऐसा माहौल ही नहीं बना कि छात्र स्वरोजगार, स्वावलंबन, नए शोध-नए प्रयोग, इनोवेशन और उद्यमशीलता में आगे बढ़ें। आज भी हम मुफ्त के राशन, सरकारी नौकरी के भाषण और राजनीतिक लांछन में बच्चों को शिक्षा का मूल पाठ नहीं पढ़ा पा रहे, वरना हमारे इंजीनियरों में औद्योगिक उत्पादकता बढ़ाने का दम होता। स्टार्टअप योजना के तहत पूरा प्रदेश आईटी का हब होता। हमारे डाक्टर अब तक हिमाचल को मेडिकल टूरिज्म की सौगात बना चुके होते, लेकिन अफसोस हमारी शिक्षा का दोष बनकर हर हिमाचली मरीज को दूसरे राज्यों के संस्थानों में जिंदगी की भीख मांगनी पड़ रही है। कभी हमने मंचों पर कहा कि प्रदेश शिक्षा का हब बनेगा, लेकिन आज हमारी किताब के हर पन्ने को शिकायत है, शिक्षा के हर शब्द से पढ़ाई के अर्थ बिखर रहे हैं।

# जबलपुर से हुआ था झंडा सत्याग्रह का शंखनाद

कैप्टन बंबावाले ने लाठीचार्ज करा दिया जिसमें श्रीयुत सीताराम जादव के दांत तक टूट गए थे, सभी को गिरफ्तार किया और तिरंगा को पैरों तले कुचल कर जप्त कर लिया। अगले दिन पं सुंदरलाल जी को छोड़कर सभी मुक्त कर दिए गए इन्हें छः माह का कारावास हुआ उसके बाद से इन्हें तपस्वी सुंदरलाल जी के नाम से जाना जाने लगा। इस सफलता के उपरांत उत्साहित होकर नागपुर से व्यापक स्तर पर झंडा सत्याग्रह का आरंभ एवं प्रसार लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल के नेतृत्व हुआ जिसमें जबलपुर के स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों ने न केवल भाग लिया वरन गिरफ्तारी दी। श्रीमती सुभद्रा कुमारी चौहान भारत की पहली महिला स्वतंत्रता संग्राम सेनानी थीं जिन्होंने झंडा सत्याग्रह में अपनी गिरफ्तारी दी।

**डॉ.आनंद सिंह राणा**

**झंडा** किसी भी राष्ट्र की संप्रभुता और सत्ता का सर्वोच्च प्रतीक है, इसलिए तो स्वतंत्रता दिवस एवं गणतंत्र दिवस - राष्ट्रीय पर्व में क्रमशः ध्वजारोहण और ध्वज फहराया जाता है..इसलिए भारतीय तिरंगे झंडे का महत्व समझा जाना चाहिए, उसे फैशन की वस्तु नहीं समझना चाहिए - वर्ष में केवल दो दिन ही झंडे का महत्व नहीं है। अब देखिये न तिरंगे झंडे को फहराने के लिए जबलपुर से ही सर्वप्रथम झंडा सत्याग्रह का शुभारंभ हुआ और जिसका संपूर्ण भारत में विस्तार हुआ...परंतु कितना संघर्ष हुआ जब जबलपुर में यूनियन जैक की जगह तिरंगा फहराया गया। अत्यंत गर्व और गौरव का विषय है कि जबलपुर से 18 मार्च, 1923 को झंडा सत्याग्रह का शुभारंभ हुआ, और नागपुर से इसने व्यापक रुप लिया,जिसका 18 जून, 1923 को ₹झंडा दिवस₹ के रूप में देशव्यापीकरण हुआ और मनाया गया था। 17 अगस्त, 1923को अपनी सफलता की कहानी लिखता हुआ, समाप्त हुआ।

झंडा सत्याग्रह की पृष्ठभूमि और इतिहास आरंभ अक्टूबर 1922 से ही हो गया था जब असहयोग आंदोलन की सफलता और प्रतिवेदन के लिए कांग्रेस ने एक जांच समिति बनाई थी और वह जबलपुर पहुंची तब समिति के सदस्यों को विक्टोरिया टाऊन हाल में अभिनंदन पत्र भेंट किया गया और तिरंगा झंडा (उन दिनों चक्र की जगह चरखा होता था) भी फहरा दिया गया। समाचार पत्रों में प्रकाशित खबरें इंग्लैंड की संसद तक पहुंच गईं। हंगामा हुआ और भारतीय मामलों के सचिव विंटरटन ने सफाई देते हुए आश्वस्त किया कि अब भारत में किसी भी शासकीय या अर्धशासकीय इमारत पर तिरंगा नहीं फहराया जाएगा।

इसी पृष्ठभूमि ने झंडा सत्याग्रह को जन्म दिया। मार्च 1923 को पुनः कांग्रेस की एक दूसरी समिति रचनात्मक कार्यों की जानकारी लेने जबलपुर आई जिसमें डॉ. राजेंद्र प्रसाद, सी. राजगोपालाचारी, जमना लाल बजाज और देवदास गांधी प्रमुख थे। आप सभी को मानपत्र देने हेतु म्युनिसिपल कमेटी प्रस्ताव कर डिप्टी कमिश्नर किस्मेट लेलैंड ब्रुअर हेमिल्टन को पत्र लिखकर टाऊन हाल पर झंडा फहराने की अनुमति मांगी लेकिन हेमिल्टन ने कहा कि साथ में यूनियन जैक भी फहराया जाएगा इस बात पर म्युनिसिपैलटी के अध्यक्ष कंछेदी लाल जैन तैयार नहीं हुए। इसी बीच नगर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष पं. सुंदरलाल ने जनता को आंदोलित किया कि टाऊन हाल में तिरंगा अवश्य फहराया जाएगा। तिथि 18 मार्च तय की गई क्योंकि महात्मा गांधी को 18 मार्च, 1922 को जेल भेजा गया था और 18 मार्च, 1923 को एक वर्ष पूर्ण हो रहा था। 18 मार्च को पं. सुंदरलाल की अगुवाई पं. बालमुकुंद त्रिपाठी, बद्रीनाथ दुबे जी, श्रीमती सुभद्रा कुमारी चौहान,माखन लाल चतुर्वेदी, एवं नाथूराम मोदी के साथ लगभग 350 सत्याग्रही टाऊन हाल पहुंचे और उस्ताद प्रेमचंद ने अपने तीन साथियों सीताराम जादव, परमानन्द जैन और खुशालचंद्र जैन ने मिलकर टाऊन हाल पर तिरंगा झंडा फहराया दिया।

कैप्टन बंबावाले ने लाठीचार्ज करा दिया जिसमें श्रीयुत सीताराम जादव के दांत तक टूट गए थे, सभी को गिरफ्तार किया और तिरंगा को पैरों तले कुचल कर जप्त कर लिया। अगले दिन पं सुंदरलाल जी को छोड़कर सभी मुक्त कर दिए गए इन्हें छः माह का कारावास हुआ उसके बाद से इन्हें तपस्वी सुंदरलाल जी के नाम से जाना जाने लगा। इस सफलता के उपरांत उत्साहित होकर नागपुर से व्यापक स्तर पर झंडा सत्याग्रह का आरंभ एवं प्रसार लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल के नेतृत्व हुआ जिसमें जबलपुर के स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों ने न केवल भाग लिया वरन गिरफ्तारी दी। श्रीमती सुभद्रा कुमारी चौहान भारत की पहली महिला स्वतंत्रता संग्राम सेनानी थीं जिन्होंने झंडा सत्याग्रह में अपनी गिरफ्तारी दी। 18 जून को झंडा सत्याग्रह का देशव्यापीकरण हुआ और झंडा दिवस मनाया गया। झंडा सत्याग्रह व्यापक स्तर पर फैल गया और आखिरकार 17 अगस्त, 1923 को 110 दिनों के संघर्ष उपरांत अपना लक्ष्य प्राप्त कर झंडा सत्याग्रह वापस ले लिया गया।

इस समझौते के अंतर्गत राष्ट्रीय झंडे को ले जाने का अधिकार प्राप्त हुआ और नागपुर के सत्याग्रही मुक्त कर दिए गए परंतु जबलपुर के सत्याग्रही अपनी पूरी सजा काटकर ही वापस आए। जिसमें नाथूराम मोदी दृढ़ संकल्प के प्रतीक रहे और उन्हें 1923 के झंडा सत्याग्रह में डेढ़ वर्ष का सश्रम कारावास हुआ। कारावास की कठिन यातनाओं के कारण इनके रक्त में खराबी उत्पन्न हो जाने पर जेल से छूटने के बाद अधिक समय तक जीवित न रह सके। हिन्दी भाषी मध्य प्रदेश से 1265 सत्याग्रहियों को कारावास की सजा भुगतनी पड़ी।

# ढाई हजार साल में 24 विभाजन हुए भारत का

संसार के लगभग सभी देशों में प्राचीन भारतीय संस्कृति और परंपरा के प्रमाण मिलते हैं। उनकी लोक भाषा में संस्कृत के शब्द भी सरलता से मिल जाते हैं । इसके दो कारण हैं। एक तो वह भूभाग जो भारतवर्ष का अंग रहा और दूसरा देशाटन से संस्कृति पहुंची। भारत की विशालता को समझने के लिए वह एक मंत्र ही पर्याप्त है जो आज भी पूजन के संकल्प में दोहराया जाता है- जम्बू द्वीपे भारतखंडे आर्यांव्रत देशांतर्गते अर्थात जम्बू द्वीप के अन्तर्गत भरतखंड और भरत खंड के अंतर्गत आर्यावर्त...। यदि हम वैदिककालीन जम्बू द्वीप को देखें तो यह चारों ओर खारे समुद्र जल से घिरा हुआ है ।

**रमेश शर्मा**

**संसार** में भारत अकेला ऐसा देश है जिसका इतिहास यदि सर्वोच्च गौरव से भरा है तो सर्वाधिक दर्द से भी । यह गौरव है पूरे संसार को शब्द, गणना और ज्ञान विज्ञान से अवगत कराने का ।... और दर्द है निरंतर आक्रमणों और अपनी धरती के हुये विभाजन का । बीते ढाई हजार वर्षों में 24 और 1873 से 1947 के बीच केवल सत्तर सालों में सात विभाजन हुए । अंतिम विभाजन करोड़ों लोगों के बेघर होने और लाखों निर्दोष नागरिकों की निर्मम हत्या के साथ हुआ । आज स्वतंत्र भारत का जो स्वरूप और सीमा हम देख रहे हैं उसका भूगोल अतीत के गौरव का 10 प्रतिशत भी नहीं है । वैदिक संस्कृति से आलोकित इस भू-भाग का नाम कभी जंबूद्वीप था । इसका स्मरण आज भी पूजन संकल्प में होता है जंबूद्वीपे भरत खंडे आर्यावर्ते.. पर यह अब केवल इतिहास की पुस्तकों तक ही सिमिट गया । समय के साथ भारत कभी आर्यावर्त है तो कभी भारतवर्ष भी रहा । हिमालय इसके मध्य में था, जिसके शीर्ष का नाम गौरीशंकर था । अंग्रेजों ने उसका नाम एवरेस्ट कर दिया। नेपाल, भूटान, श्रीलंका, मालदीव, म्यांमार तिब्बत, पाकिस्तान और बंगलादेश ही नहीं कम्बोडिया, इराक, ईरान और इंडोनेशिया भी कभी भारत का अंग रहे हैं। तब कम्बोडिया का नाम कम्बोज और इंडोनेशिया का नाम दीपान्तर था ।

संसार के लगभग सभी देशों में प्राचीन भारतीय संस्कृति और परंपरा के प्रमाण मिलते हैं। उनकी लोक भाषा में संस्कृत के शब्द भी सरलता से मिल जाते हैं । इसके दो कारण हैं। एक तो वह भूभाग जो भारतवर्ष का अंग रहा और दूसरा देशाटन से संस्कृति पहुंची। भारत की विशालता को समझने के लिए वह एक मंत्र ही पर्याप्त है जो आज भी पूजन के संकल्प में दोहराया जाता है- ₹जम्बू द्वीपे भारतखंडे आर्यांव्रत देशांतर्गतेङ्क अर्थात जम्बू द्वीप के अन्तर्गत भरतखंड और भरत खंड के अंतर्गत आर्यावर्त...। यदि हम वैदिककालीन जम्बू द्वीप को देखें तो यह चारों ओर खारे समुद्र जल से घिरा हुआ है । इसे हम आज का एशिया महाद्वीप कह सकते हैं। इसके अंतर्गत भारतवर्ष। वैदिक काल भारतवर्ष कुल चार साम्राज्य में विभाजित था । पहला आनर्त, साम्राज्य नर्मदा से नीचे समुद्र पर्यंत। श्रीलंका आदि इसी के अंतर्गत थे। दूसरा ब्रह्मवर्त, यह नर्मदा से गंगा के बीच का भाग, तीसरा आर्यावर्त, यह गंगा से हिमालय पर्यंत, और चौथा पर्सवर्त। पर्सवर्त साम्राज्य ही आगे चलकर पारस साम्राज्य के नाम से जाना गया । सिकन्दर के भारत पर आक्रमण के समय इसका नाम पारस साम्राज्य ही था और वहां आर्य वैदिक संस्कृति जीवन्त थी । आजकल यह क्षेत्र इराक और अन्य नाम से जाना जाता है । निसंदेह आर्यावर्त ज्ञान-विज्ञान और अनुसंधान का केन्द्र था पर समूचा भारत आर्यावर्त नहीं था । विभिन्न जीवन शैलियां अपने अपने ढंग से विकास कर रही थीं। लेकिन आर्य कोई नस्ल नहीं थी एक जीवनशैली थी इसलिए कहा ऋग्वेद में विश्व को आर्य बनाने का संकल्प है।

ऋग्वेद (10/75) में आर्य निवास में प्रवाहित होने वाली जिन नदियों का वर्णन मिलता है, उनमें कुभा (काबुल नदी), क्रुगु (कुर्रम), गोमती, सिंधु, परुष्णी (रावी), शुतुद्री (सतलज), वितस्ता (झेलम), सरस्वती, यमुना तथा गंगा के नाम हैं । यह क्षेत्र गंगा से हिमालय पर्यन्त ही ठहरता है । इंडोनेशिया में तेरहवीं शताब्दी तक वैदिक आर्य और बौद्ध धर्म था । इंडोनेशिया में पुराने राजवंशों के जो नाम मिलते हैं उनमें श्रीविजय, शैलेन्द्र, माताराम जैसे नाम मिलते हैं। सुमात्रा में नौवीं शताब्दी तक वैदिक आर्य परंपरा रही है । यही स्थिति वियतनाम और कंबोडिया की है । इन देशों में पुराने राजवंशों के नाम सनातनी परंपरा के रहे हैं। लेकिन यह सब पिछले ढाई हजार वर्षों में भारत से दूर हुए ।

यदि हम बहुत पुरानी बात न करें। केवल 1876 के बाद की बात करें तो 1876 से 1947 के बीच कै कुल 71 वर्षों में भारत के कुल सात विभाजन हुए और भारत का दो तिहाई हिस्सा पराया हो गया । अफगानिस्तान, श्रीलंका, म्यामार आदि सब इसी अवधि में भारत से अलग हुए । इसकी भूमिका 1857 की क्रांति से बन गई थी । अंग्रेजों के शासन का सिद्धांत ₹बांटो और राज करो₹ था । इसलिए उन्होंने विशाल भारतीय साम्राज्य को बांटना आरंभ किया और चारों ओर बफर स्टेट बनाना आरंभ किया । 1876 में अफगानिस्तान को भारत से अलग किया। 1906 में भूटान को। 1935 में श्रीलंका को। 1937 में वर्मा यनी म्यांमार और 1947 पाकिस्तान के रूप में भारत की धरती पर एक नये देश का उदय हुआ । जो 1971 में विखंडित होकर पाकिस्तान के भीतर से बांग्लादेश का उदय हुआ । 1857 की क्रांति भले असफल हो गई थी पर इसके बाद अंग्रेजों ने अपनी सत्ता को सशक्त और स्थाई बनाने के अनेक उपाय किए । पुलिस आदि की व्यवस्था करके न केवल जाति धर्म और भाषा के नाम से विभाजन आरंभ किया अपितु देशात्मक सत्ता के रूप में विभाजन आरंभ किया । ताकि यदि किसी एक क्षेत्र में कमजोर होते हों तो दूसरे क्षेत्र की सेना से नियंत्रित कर सकें। इसीलिए उन्होंने भारत के विभाजन की शुरूआत की । 1876 में भारत का कुल क्षेत्रफल 83 लाख वर्ग किलोमीटर था । जो धीरे-धीरे घटकर अब केवल 33 लाख वर्ग किलोमीटर रह गया । यनी यदि पुराने इतिहास की बात न करें केवल 1874 से 1947 के बीच की बात करें तो इसी अवधि में भारत का पचास लाख वर्ग किलोमीटर भूभाग पराया हो गया ।

भारत का अंतिम विभाजन 14 अगस्त 1947 को हुआ । इसलिए भारत में 14 अगस्त अखंड भारत दिवस के रूप में मनाया जाता है । भारत में बड़ी संख्या में करोडों लोग हैं जो यह मानते हैं कि पूजा पद्धति बदलने से न तो पूर्वज बदलते हैं और न राजनैतिक परिस्थितियां बदलने से राष्ट्र भाव बदलता है । इसलिए यह समूह आज भी पाकिस्तान, बांग्लादेश, नेपाल, म्यांमार, श्रीलंका, तिब्बत आदि प्रति अपनत्व का भाव रखता है । भारत में ऐसे अनेक सामाजिक संगठन और करोड़ों लोग हैं, जो यह आशा करते हैं कि भारत कभी न कभी अखंड अवश्य होगा । इसीलिए समय-समय प्रसार माध्यमों में अखंड भारत की ध्वनि सुनाई देती है । इसीलिए भारत के अंतिम विभाजन दिवस 14 अगस्त को अखंड भारत दिवस मनाने के पीछे के भाव भी यही है कि समाज को भारत राष्ट्र के वैभव का स्मरण रहे और उसकी संकल्पना ही शक्ति बनकर भारत राष्ट्र को अखंडता की ओर अग्रसर कर सके ।

# निराशा

## चिंतन-मनन

**नन्दकंद** परमेभर की यह विशाल सृष्टि आनन्द मूलक है। सच्चिदानन्द भगवान ही सर्वत्र प्रकट हो रहे हैं उस आनंदघन का आनंदमय ज्ञान प्रत्येक वस्तु से विकसित हो रहा है। भगवान अपने आनन्दमय स्वरूप का सर्वत्र प्रसार कर रहे हैं। जब इस जगत के निर्माणकर्ता का प्रधान गुण आनंद का प्रसार करना है तो संसार में आनंद के अतिरिक्त अन्य क्या हो सकता है। प्रातःकाल हंसता हुआ सूर्य उदित होकर संसार को स्वर्ण रश्मियों से स्नान करा देता है। शीतल सुगंधित वायु मस्ती बिखेरती फिरती है पक्षीवृंद आनंद से सने गीत गा गा कर सृष्टिकत्र्ता की उत्कृष्ट कला का प्रकटीकरण करते हैं। विशाल नदियां कल-कल शब्द कर आनंद बढ़ाती हैं। पुष्पों पर गुंजते हुए मदमाते भ्रमर आनंद के गीत सुना कर श्दय शांत करते हैं। पृथ्वी का अणु-अणु सुख, समृद्धि और प्रेम की शक्ति को प्रवाहित कर रहा है। प्रत्येक वस्तु जीवन को स्थायी सफलता और पूर्ण विजय से विभूषित करने को प्रस्तुत है। ऐसी सुंदर सृष्टि में जन्म पा लेना सचमुच बड़े भाग्य की बात है। सतत तप, पुण्य इत्यादि के उपहार स्वरूप यह दुर्लभ मानव जीवन इसलिए प्राप्त होता है कि हम इसमें पूर्ण आनंद का उपभोग कर जन्म-जन्म की थकान मिटा सकें फिर बतलाइए आप निराश क्यों है। निराशावाद उस महाभयंकर राक्षस के समान है जो मुंह फाड़े हमारे इस परम आनंद जीवन के सर्वनाश की ताक में रहता है जो हमारी समस्त शक्तियों का शस किया करता है जो हमें आध्यात्मिक पथ पर अग्रसर नहीं होने देता और जीवन के अंधकारमय अंश हमारे सम्मुख प्रस्तुत करता है। हमें पगझपग पर असफलता ही असफलता दिखाता है और विजय द्वार में प्रविष्ट नहीं होने देता। इसके विपरीत आशावाद मनुष्य के लिए अमृत तुल्य है। जैसे तृषित को शीतल जल, रोगी को औषधि से, अंधकार को प्रकाश से, वनस्पति को सूर्य से लाभ होता है, उसी भांति आशावाद की संजीवनी बूटी से मृतप्राय मनुष्य में जीवन शक्ति का प्रादुर्भाव होता है। आशावाद वह दिव्य प्रकाश है जो हमारे जीवन को उत्तरोत्तर परिपुष्ट, समृद्धिशाली और प्रगतिशील बनाता है।

## आपके पत्र

### हानिकारक है प्लास्टिक का कचरा

स्वच्छता का लक्ष्य और स्वच्छ भारत का सपना तब तक पूरा नहीं हो सकता, जब तक प्लास्टिक का प्रयोग शत-प्रतिशत बंद नहीं होता। हमारे देश में प्लास्टिक कचरा भी बढ़ता जा रहा है, कूड़े के ढेर में सबसे ज्यादा पॉलीथिन बैग ही नजर आते हैं। प्लास्टिक के कचरे को जला कर भी नष्ट नहीं किया जा सकता। इसे जलाने से जहरीली गैसें निकलती हैं। केन्द्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के अनुसार देश में सबसे ज्यादा प्लास्टिक कचरा बोतलों का भी होता है। देश के नागरिक और विदेशी लोग भी जब किसी कारण हमारे देश आते हैं, तो ये भी पानी की प्लास्टिक की बोतलों को इधर-उधर फेंक कर प्लास्टिक कचरे को बढ़ाते हैं। प्लास्टिक का दिन-प्रतिदिन बढ़ता प्रयोग लोगों की सेहत पर तो भारी पड़ ही रहा है, साथ ही प्रकृति को दूषित करने का काम भी कर रहा है।

**देव प्रकाश, कोकर**

मेट्रो रेज की ओर से स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक जीतेन्द्र कुमार सिंह के लिए जेके न्यूज नेटवर्क, पिपरटोली, अरगोड़ा, रांची 834002 (झारखंड) से प्रकाशित तथा शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा, पेट्रोल पंप रातू रोड, रांची , (झारखंड) से मुद्रित।
**प्रधान संपादक** : जीतेन्द्र कुमार सिंह, **संपादक** : लाल दिवाकर नाथ शाहदेव*, *पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 7369017908, R.N.I. No.-JHAHIN/2017/75028 **website : www.metrorays.in**
**email : metrorays.ranchi@gmail.com**

न्यूज ब्रीफ



## एफसी दारांग ने एलेवन स्टार को चार गोल से हराया

**जामा:** प्रखंड के सरसाबाद पंचायत के ग्राम मदनपुर में महारो स्टार क्लब द्वारा फुटबॉल टूर्नामेंट का आयोजन किया गया। मैच का उदघाटन राजद अजजा प्रदेश अध्यक्ष बाबूराम हांसदा द्वारा किया गया। उद्घाटन मैच एफसी दारांग टोला एवं एलेवन ब्रदर टीम के बीच खेला गया। जिसमें एफसी दारांग टोला की टीम 4-0 से विजयी घोषित की गयी। खिलाड़ियों को सम्बोधित करते हुए हांसदा ने कहा कि खेल क्षेत्र में अपना कैरियर बनाने का काफी संभावना है। सरकारी नौकरी सहित हर विभाग में खिलाड़ियों के लिए सीटें आरक्षित रहता है। साथ ही समाज और देश में खिलाड़ियों को सम्मान मिलता है। मौके पर स्टार क्लब मदनपुर महारो के अध्यक्ष महादेव मुर्मू सचिव रूबर्ट मुर्मू, लक्ष्मण मुर्मू अबिधान मुर्मू, संजय मुर्मू, बेनिसन मरांडी, मंगल किस्कू, परमोद सोरेन, राजा सोरेन, मानो राणा, वर्णवास गृहि, अरबीन सोरेन, सोमाई सोरेन, हेमलाल मुर्मू , पप्पू मुर्मू, प्रेम मंडल, हीरो सोरेन, सुभाष सोरेन, अमित राणा, सोनू मरांडी, रूबान मुर्मू, जुलियाश मुर्मू, राजा मरांडी आदि लोग उपस्थित थे।

## अंतर विद्यालय स्वरचित काव्य पाठ प्रतियोगिता



**साहिबगंज:** साहित्य की दुनिया मंच के द्वारा साहिबगंज के जवाहर नवोदय विद्यालय में अंतर विद्यालय स्वरचित काव्य पाठ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।जिसमें 14 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया साहिबगंज के पब्लिक उच्च विद्यालय के छात्र अंकुर कुमार सीनियर वर्ग में प्रथम स्थान प्राप्त किया।जबकि उत्कृष्ट कन्या विद्यालय पोखरिया की संगीता कुमारी द्वितीय और इसी विद्यालय की कोमल कुमारी तृतीय स्थान पर रहे जूनियर वर्ग में राजस्थान मध्य विद्यालय के राजवीर कुमार को विजेता घोषित किया गया।सभी प्रतिभागी के बीच सम्मान पत्र का वितरण किया गया।जबकि विजेताओं को स्मृति चिन्ह भी भेंट की गई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जिला शिक्षा पदाधिकारी सौरव प्रकाश के अलावा जवाहर नवोदय विद्यालय के प्राचार्य डॉ राज कपूर सिंह राजस्थान मध्य विद्यालय की प्राचार्य रानी झा मंच के अध्यक्ष गोपाल श्रीवास्तव महासचिव सुधीर श्रीवास्तव मंच के पूर्व उपाध्यक्ष आनंद अमन साहिबगंज के वरिष्ठ साहित्यकार अनिरुद्ध प्रभाष वरिष्ठ पत्रकार सुरेश निर्मल साहित्यकार सच्चिदानंद मिश्रा डॉक्टर सूर्यनंद पोद्दार सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित थे।

## उपायुक्त ने की पथ प्रमंडल एवं एनएच-80 विभाग की समीक्षा



**साहिबगंज:** उपायुक्त हेमंत सती ने कार्यालय प्रकोष्ठ में पथ प्रमंडल एवं एनएच-80 विभाग अंतर्गत संचालित सभी योजनाओं की समीक्षात्मक बैठक की।उपायुक्त ने पिछले बैठक में दिये गई निदेर्शों कि अनुपालन की जानकारी ली। कार्य प्रगति की समीक्षा करते हुए इसकी वर्तमान स्थिति के संबंध में चर्चा की। इस दौरान भू-अर्जन से संबंधित प्राप्त अधियाचना के आलोक में प्रगति कार्यों की समीक्षा की गई। मिजाचौकी से बोआरीजोर में किये जा रहे पथ निर्माण का कार्य काफी ही धीमी गति से चल रहा है इसमें उपायुक्त ने निर्माण कार्य में आ रही परेशानियों की जानकारी ली एवं अंचल अधिकारी को निर्देशित किया गया कि वह पथ निर्माण में हो रहे सभी परेशानियों का निष्पादन जल्द करें।पुराने एवं नए बनाए जा रहे सड़क के कार्यों की जानकारी ली गई एवं आवश्यक दिशा-निर्देश दिये।बैठक में रोड सेफ्टी को लेकर विशेष दिशा-निर्देश दिए गए। मौके पर जिला भू-अर्जन पदाधिकारी छुटेश्वर कुमार दास एवं अन्य उपस्थित थे।

## विवि ने घोषित की फॉर्म भरने की तिथि

**दुमका:** सिदो कान्हु मुर्मू विश्वविद्यालय दुमका ने मंगलवार को दो परीक्षाओं के लिए ऑनलाइन फॉर्म भरने की तिथि घोषित कर दी है। उक्त परीक्षाओं में पीजी सेमेस्टर-2,सत्र-2023-25 और यूजी सेमेस्टर-3,सत्र-2022-26 शामिल हैं। कुलपति प्रो बिमल प्रसाद सिंह के निर्देश पर विश्वविद्यालय के परीक्षा नियंत्रक डॉ. जय कुमार साह ने मंगलवार को उक्त परीक्षा फॉर्म भरने से संबंधित अधिसूचना जारी कर दी है। बिना विलंब शुल्क के उक्त परीक्षाओं के लिए ऑनलाइन फॉर्म भरने की तिथि 17 से 23 अगस्त2024 तक निर्धारित की गई है, जबकि क्रमशः 200 रुपये और 500 रुपये विलंब शुल्क के साथ 24 से 26 अगस्त और 27 से 29 अगस्त2024 तक निर्धारित की गई है तथा फॉर्म की हार्ड कॉपी संबंधित विभाग या कॉलेज में जमा करने की तिथि 30 से 31 अगस्त2024 तक निर्धारित की गई है। छात्र परीक्षा फॉर्म भरने से संबंधित अधिसूचना विश्वविद्यालय की आधिकारिक वेबसाइट से डाउनलोड कर सकते हैं।

## पीएम जनमन योजना से संबंधित बैठक का आयोजन

**साहिबगंज:**उपायुक्त हेमंत सती ने कार्यालय प्रकोष्ठ में पीएम जनमन योजना के तहत आदिम जनजाति आबादी वाले गांव में बुनियादी सुविधाओं की बहाली सुनिश्चित करने को लेकर बैठक की गई। बैठक में उपायुक्त पेयजल स्वच्छता विभाग को पीभीटीजी गांव में घर-घर, नल-जल पहुंचाने की योजना को जमीनी सच्चाई की विषय में जानकारी ली एवं आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।डाकिया योजना के तहत पीभीटीजी परिवारों को राशन मुहैया कराने का निर्देश दिये। इसी कड़ी में उपायुक्त ने जनजाति आबादी वाले गांवो में सड़क, मोबाईल नेटवर्क के साथ-साथ सरकार की तमाम कल्याणकारी योजना-स्कीम को प्राथमिकता-पारदर्शिता के साथ ससमय उपलब्ध कराने के निर्देश दिये।सभी प्रखण्ड विकास पदाधिकारी को निर्देशित किया गया कि वह पीएम जनमन की तहत सभी को प्रधानमंत्री आवास का लाभ देना सुनिश्चित करेंगे।

# स्वतंत्रता दिवस से पूर्व फुल ड्रेस रिहर्सल सपन्न

मेट्रो रेज

**साहिबगंज:** स्वतंत्रता दिवस से पूर्व फुल ड्रेस रिहर्सल का उपायुक्त हेमंत सती एवं पुलिस अधीक्षक कुमार गौरव ने किया निरीक्षण।स्वतंत्रता दिवस की सभी तैयारियां लगभग पूरी कर ली गई हैं. मुख्य समारोह स्थल सिद्धों कान्हू स्टेडियम में भव्य पंडाल का निर्माण कराया जा रहा है। साथ ही आज जवानों, एनसीसी के छात्र, विभिन्न विद्यालय के छात्र - छात्राओं और पुलिस पदाधिकारियों ने फुल ड्रेस रिहर्सल परेड किया। जिसका निरीक्षण उपायुक्त हेमंत सती एवं पुलिस अधीक्षक कुमार गौरव ने संयुक्त रूप से किया।

स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर आयोजित होने वाले परेड के अंतिम पूर्वाभ्यास का निरीक्षण करते हुए उपायुक्त ने तिरंगे को सलामी दी। इस क्रम में 09



टुकड़ियों ने परेड का अंतिम पूर्वाभ्यास किया इस दौरान सार्जेंट मेजर और सार्जेंट द्वारा पूर्वाभ्यास करने वाले जवानों और पुलिस पदाधिकारियों का नेतृत्व किया। उपायुक्त ने सभी जवानों और पुलिस पदाधिकारियों का उत्साहवर्द्धन करते हुए परेड को लेकर आवश्यक निर्देश दिये।परेड के पूर्वाभ्यास से पहले उपायुक्त एवं पुलिस अधीक्षक ने सिद्धों कान्हो कि प्रतिमा पर माल्यार्पण किया।इस दौरान उपायुक्त ने ध्वजारोहण का पूर्वाभ्यास किया एवं जवानों की 11 टुकड़ियों द्वारा किये गए परेड कि सलामी ली. मौके पर स्कूली छात्राओं की ओर से राष्ट्रगान का पूर्वाभ्यास किया गया।ज्ञात हो कि स्वतंत्रता दिवस पर झंडोत्तोलन और परेड के बाद जिला प्रशासन की ओर से अलग-अलग क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले लोगों को सम्मानित भी किया जाएगा।वहीं उपायुक्त और पुलिस अधीक्षक ने सभी व्यवस्था का बारीकी से निरीक्षण करते हुए संबंधित पदाधिकारियों को कई दिशा निर्देश दिए। मुख्य समारोह स्थल पर अतिथियों और लोगों की बैठने की व्यवस्था का भी निरीक्षण किया और संबंधित पुलिस पदाधिकारियों को दिशा निर्देश दिए।ध्वजारोहण हेतु समय सारणी।मुख्य आयोजन स्थल सिद्धो- कान्हो स्टेडियम में पूर्वाह्न 9:30 पर झंडोतोलन किया जाएगा। जबकि समाहरणालय साहिबगंज में 10:35 बजे।विकास भवन साहिबगंज में 10:50।जैप- 9 साहिबगंज में 11:05 बजे।पुलिस अधीक्षक कार्यालय में 11:30 एवं अनुमंडल कार्यालय साहिबगंज में 11:55 बजे ध्वजारोहण जाएगा।जबकि कार्यालय एवं विद्यालयों में ध्वजारोहण समारोह मुख्य झंडोतोलन के पूर्व किया जाएगा।स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रम के आयोजन भी निर्धारित है। सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन 14 अगस्त संध्या 6:00 से सिद्धू -कान्हू सभागार साहिबगंज में किया जाना है।

मुख्य आयोजन स्थल पर परेड के पूर्वाभ्यास के दौरान उपायुक्त एवं पुलिस अधीक्षक के अलावे अपर समाहर्ता राज महेश्वरम, जिले के वरीय पदाधिकारी गण एवं अन्य उपस्थित थे।

# भारतीय स्टेट बैंक फाउंडेशन एवं चेतना विकास द्वारा बासुकीनाथ में श्रद्धालु पर्यटकों का किया जा रहा मुफ्त इलाज




**बासुकीनाथ:** चेतना विकास के द्वारा एसबीआई फाउंडेशन और जिला प्रशासन के सहयोग से बाबा नगरी बासुकीनाथ में पर्यटक श्रद्धालुओं को मोबाइल मेडिकल वैन की सुविधा प्रदान की जा रही है। यह मोबाइल मेडिकल वैन चिकित्सा उपकरणों से सुसज्जित एक व्यापक स्वास्थ्य सेवा इकाई के रूप में कार्य कर रही है, जो सामान्य जांच, बुनियादी निदान, स्वास्थ्य जांच, स्वास्थ्य शिविर और स्वास्थ्य शिक्षा कार्यक्रमों सहित सेवाओं की एक विस्तृत श्रृंखला प्रदान कर रही है. चेतना विकास की निर्देशका रानी कुमारी ने बताया कि हालाँकि इस मेडिकल वैन के द्वारा दुमका जिले के मसलिया प्रखंड अंतर्गत पंचायतों में घूम-घूम कर ओपीडी की सुविधा मुहैया कराया जाना है, परंतु श्रावण माह में विश्व प्रसिद्ध श्रावणी मेला में लाखों की संख्या में आने वाले पर्यटकों को देखते हुए जिला प्रशासन के साथ समन्वय करते हुए इसे श्रद्धालुओं की सेवा में समर्पित किया गया है. यह परिवर्तनकारी परियोजना श्रावण मास की शुरूआत से ही बासुकीनाथ में सेवा प्रदान कर रही है. हमारी कोशिशों के तहत अब तक 5 हजार से अधिक श्रद्धालु पर्यटकों का मुफ्त इलाज किया जा चूका है. इस अभिनव पहल के साथ, संस्था का लक्ष्य ग्रामीण समुदायों और गुणवत्तापूर्ण चिकित्सा देखभाल के बीच की खाई को पाटना है.

गौरतलब है कि वैन में योग्य डॉक्टर, फार्मासिस्ट, लैब टेक्निशियन और एएनएम की टीम है जो बासुकीनाथ में आए पर्यटकों को ओपीडी की सुविधा मुहैया करा रहे हैं. साथ ही वैन में ब्लड प्रेशर मापने की मशीन, पल्स ऑक्सीमीटर, ब्लड शुगर मापने की मशीन, स्टेथेस्कोप आदि के साथ विभिन्न प्रकार के रोगों में दी जाने वाली मेडिसिन आदि भी मौजूद है।

## मुख्यमंत्री मईया सम्मान योजना के तहत रम्भा देवी के खाता में आया 1000 रूपया



**साहिबगंज:** जिले के बोरियो प्रखंड के मोती पहाड़ी पंचायत के मोती पहाड़ी के बारह गांव में मुख्यमंत्री मईया सम्मान योजना के तहत पहला मईया रम्भा देवी के खाता में अगस्त माह का भुगतान किया गया। वहीं मईया सम्मान योजना का लाभ सभी मईया को मिलेगा। जिसकी जानकारी झामुमो के जिला अध्यक्ष शाहजहां अंसारी ने दी।



## झारखंड मजदूर संघ प्रजा प्रखंड पतना कमेटी की बैठक

**साहिबगंज:** महिला कॉलेज पतना के निकट पार्क में झारखंड मजदूर संघ प्रजा०प्रखंड पतना कमेटी की बैठक हुई। प्रखंड अध्यक्ष रोबिन दास की अध्यक्षता में हुई।मजबूती एवं प्रस्तावित आगामी 28 अगस्त 2024 को जिला मुख्यालय में आक्रोश रैली की सफलाता के बारे में चर्चा की गई।इस बैठक में प्रखंड का विस्तार करते हुए प्रखंड कार्यकारी अध्यक्ष वरनाड हेंब्रम, महामंत्री चेतन मरांडी,उपाध्यक्ष सुनील ठाकुर,समिति सदस्य को मनोमन किया गया।इस बैठक में मुख्य रूप से केंद्रीय महामंत्री राजकुमार यादव ने कहा कि न्यूनतम मजदूरी अधिनियम मजदूरों का भुगतान बैंक से हो, मृतक लालचंद घोष के बच्चे को शिक्षा की गारंटी,संचालक के द्वारा देने की मांग सहित कई मांगे रहेंगे।मौके पर प्रदीप भगत राजाराम रजक,शकुंतला दास,भीम कर्मकार मौजूद थे।

## सिविल सर्जन का चिकित्सा पदाधिकार ने किया स्वागत

**साहिबगंज:**सिविल सर्जन साहिबगंज डॉ प्रवीण कुमार संथालिया के द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र बोरियों का औचक निरक्षण किया गया। निरक्षण उपरांत सिविल सर्जन महोदय का चिकित्सा पदाधिकारीयों के द्वारा बुके देकर स्वागत किया गया! निरक्षण के दौरान सिविल सर्जन महोदय के द्वारा ओपीडी आईपीडी प्रसव कक्ष, दवा वितरण कक्ष, उपस्थिति पंजी, पेशेंट वार्ड एवं अस्पताल में साफ - सफाई आदि को देखे। निरक्षण के दौरान सिविल सर्जन महोदय के द्वारा पेशेंट वार्ड में बेडशीट बिछाया हुवा नहीं देखने एवं कुछ स्वास्थ्य कर्मी एवं कर्मचारी बिना सुचना के अनुपस्थित पाए गए जिसे देख सिविल सर्जन महोदय काफी रोष प्रकट किए और सभी अनुपस्थित कमीर्यों को स्पष्टीकरण पूछने का निर्देश दिए की किन परिस्थितियों में आपलोग अनुपस्थित थे!

# विधायक कक्ष में लगा जनता दरबार,दर्जनों समस्याओं का हुआ ऑन द स्पॉट निपटारा

**साहिबगंज/बरहरवा:**प्रखण्ड मुख्यालय परिसर स्थित विधायक कक्ष में प्रत्येक मंगलवार की भांति इस मंगलवार भी कांग्रेस के जिला अध्यक्ष सह विधायक प्रतिनिधि बरकत खान ने जनता दरबार के माध्यम से लोगों की समस्याओं से अवगत हुए।नगर पंचायत बरहरवा एवं ग्रामीण क्षेत्र के लोगों ने अपनी अपनी समस्याओं को विधायक प्रतिनिधि बरकत खान के समक्ष रखा,जिसे उन्होंने बारी-बारी से सुना। सर्वप्रथम बरकत खान ने क्षेत्र से आए लोगों को 15 अगस्त की अग्रिम बधाई दी।तत्पश्चात उपस्थित लपगों की सम्सस्यओं से संबंधित पदाधिकारियों से वातार्लाप कर निदान करवाया। विधायक कक्ष में परतु एक मंगलवार की भाँति विभिन्न



समस्या जिसमें ग्रामीण अंबेडकर आवास , अबुआ आवास, प्रधानमंत्री आवास की समस्या को लेकर लोग पहुंचे, वहीं विधायक प्रतिनिधि बरकत खान ने पदाधिकारी से वातार्लाप कर उक्त लाभुकों की शिकायत को जल्द से जल्द दूर करने की बात कही। अंचल से संबंधित जमीन ऑन लाइन, की समस्या लेकर आए लोगों की समस्याओं का यथाशीघ्र निदान करवाने का आश्वासन दिया।विकलांग एवं वृद्धा पेंशन, बिजली कनेक्शन, राशन कार्ड एवं थाना से संबंधित समस्या को लेकर लोग उपस्थित हुए।श्री खान ने कुछ समस्याओं का निदान ऑन द स्पॉट करवाया तथा बाकी आवेदन को संबंधित अधिकारियों को सौंपते हुए जल्द से जल्द समाधान कराने का आग्रह किया।इस दौरान उन्होंने कहा कि जन्समस्याओं का समाधान करना हमारा प्रथम उद्देश्य है,और कॉंग्रेस का हर एक कार्यकर्ता लोगों की सेवा और समस्याओं के सामधान के लिए हमेशा प्रयासरत है।मौके पर प्रखंड अध्यक्ष रंजीत टुडू, अनंत लाल भगत, मंजुला हांसदा (पाकुड़), जमीरूल इस्लाम, वसीम अंसारी, गणेश साह,छोटे लाल रमानी, जाहिद आलम, लोकनाथ घोष , रफीक शेख एवं दर्जनों ग्रामीण तथा नगर पंचायत के लोग मौजूद थे।

# भाजपाइयों ने की जिलाध्यक्ष, महामंत्री एवं मंडल अध्यक्ष को हटाने की मांग

**जामा** प्रखंड मुख्यालय के भाजपा कार्यालय में मंगलवार को मंडल महामंत्री रामयश कुमार मांझी की अध्यक्षता में एक बैठक आयोजित की गई। बैठक को संबोधित करते हुए भाजपा के पूर्व प्रखंड अध्यक्ष इंद्रकांत यादव ने कहा कि वर्तमान जिलाध्यक्ष जो गोड्डा लोकसभा क्षेत्र के निवासी हैं. उन्हें दुमका का जिलाध्यक्ष बना दिया गया है जिससे दुमका लोकसभा क्षेत्र के कार्यकताओं में काफी नाराजगी है। जिलाध्यक्ष गौरवकांत प्रसाद एवं जिला महामंत्री मनोज पांडेय ने विगत लोकसभा चुनाव में पार्टी विरोधी कार्य किया था. जिससे लोकसभा चुनाव में भाजपा की हार हुई है जो बातें सभी कार्यकताओं को अच्छी तरह मालूम है। वहीं निर्वतमान मंडल महामंत्री रामयश कुमार मांझी ने



कहा कि जिलाध्यक्ष के द्वारा मनमानी तरीकें से जामा मंडल अध्यक्ष को लगातार 3 बार से पद में बनायें रखें हैं यह जमीनी कार्यकताओं का अपमान है उन्होंने कहा कि हमलोग यह बातें प्रदेश अध्यक्ष को अवगत करायेंगे। उन्होंने कहा कि नये कमिटी का गठन किया जाय जिससें आने वाले विधनसभा चुनाव में मजबूती के साथ पार्टी चुनाव लड़े और विधनसभा चुनाव जीतकर झारखंड में सरकार बनाये। बैठक में नारेबाजी करते हुए अभिलंब दुमका जिलाध्यक्ष, महामंत्री एवं मंडल अध्यक्ष हटाने की मांग की गई। बैठक में रामगढ़ के निर्वतमान मंडल अध्यक्ष निरंजन मंडल, सिंकदर यादव मुन्ना, निर्वतमान मंडल महामंत्री राजीब गुप्ता, हराधन मरीक, देवेन्द्र कुमार मरिक, जयकांत मंडल, अरूण मंडल, अरूण यादव, शंभू पंडित, रामफल लायक, संतोष मंडल, आनंदी राउत, मोहन राउत, शक्ति दर्वे, झकसु राय, प्रभु राय, राजकिशोर महामरिक, शंभू मिर्धा, गौतम रजक, सुनील कुमार, प्रदीप कुमार दर्वे, सनत मुसूप, दिलीप साह, नयन दा, परमानंद यादव, कुमोद यादव, सुजीत राउत, मसूधन राउत आदि कार्यकर्ता मौजूद थे।

## मां श्रीदेवी के जन्मदिन पर जान्हवी कपूर ने बॉयफ्रेंड संग किए तिरूपति बालाजी के दर्शन



**अपनी** मां के जन्मदिन के मौके पर बेटी जान्हवी कपूर ने तिरूपति बालाजी के दर्शन किए। इस बार जान्हवी के साथ बॉयफ्रेंड शिखर पहाड़िया नजर आए। दोनों का तिरूपति मंदिर के बाहर का वीडियो इस वक्त सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है।

इंस्टाग्राम पर जान्हवी कपूर और शिखर पहाड़िया का एक वीडियो शेयर किया गया है। इस वीडियो में जान्हवी और शिखर एक साथ झुककर तिरूपति बालाजी का आशीर्वाद लेते नजर आ रहे हैं। इस मौके पर जान्हवी ने हरे रंग के ब्लाउज के साथ खूबसूरत पीली साड़ी पहनी थी। दोनों के इस साउथ लुक ने इस समय सभी का ध्यान अपनी ओर खींच लिया है।

इसके अलावा जान्हवी ने अपनी मां के जन्मदिन के मौके पर सोशल मीडिया पर एक खास पोस्ट भी शेयर किया है। इस पोस्ट में तिरूपति की और मां के साथ की तस्वीरें शेयर की गई हैं। पहली तस्वीर में मंदिर की सीढ़ियाँ दिखाई दे रही हैं। दूसरी फोटो जान्हवी के बचपन की है। इस फोटो में जान्हवी मां श्रीदेवी के साथ नजर आ रही हैं। तीसरी फोटो में जान्हवी को तिरूपति बालाजी के दर्शन के बाद पोज देते हुए देखा जा सकता है। इन तीनों तस्वीरों को शेयर करते हुए जान्हवी ने लिखा, "हैप्पी बर्थडे मां। ढेर सारा प्यार।₹

**इस बीच, जान्हवी कपूर के काम के बारे में बात करें तो उनकी बहुचर्चित फिल्म 'देवराः** पार्ट 1' 27 सितंबर को रिलीज होने के लिए पूरी तरह तैयार है। इस फिल्म के जरिए जान्हवी साउथ सिनेमा में डेब्यू कर रही हैं। देवराः भाग 1 में जान्हवी कपूर जूनियर एनटीआर, सैफ अली खान, प्रकाश राज, श्रीकांत, शाइन टॉम चाको और नारायण होंगे। कुछ दिनों पहले इस फिल्म का गाना 'धीरे-धीरे' रिलीज हुआ था। इस गाने में जान्हवी और जूनियर एनटीआर के बीच की केमिस्ट्री देखकर कई लोग हैरान रह गए।

## अभिनेता राजपाल यादव की करोड़ों की संपत्ति को बैंक ने किया जब्त

**बॉलीवुड** अभिनेता राजपाल यादव को लेकर बड़ी खबर सामने आई है। बैंक ने राजपाल यादव की करोड़ों रुपये की संपत्ति जब्त कर ली है। राजपाल ने बैंक से कर्ज लिया था, लेकिन वह कर्ज नहीं चुका सके इसलिए बैंक ने अभिनेता के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की। उनकी संपत्ति उत्तर प्रदेश के शाहजहामपुर में सेठ एन्क्लेव में स्थित है।

राजपाल यादव की करोड़ों की संपत्ति बैंक ने जब्त कर ली है। मामला एक्टर की 2012 में आई फिल्म 'अता पता लापता' से जुड़ा है। फिल्म का निर्देशन राजपाल ने किया था जबकि उनकी पत्नी राधा यादव निमार्ता थीं। इस फिल्म के लिए राजपाल ने सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया, मुंबई की बांद्रा शाखा से पांच करोड़ रुपये का कर्ज लिया था। 12 साल बाद भी राजपाल कर्ज नहीं चुका पाने के कारण बैंक ने उनकी शाहजहाँपुर के सेठ एन्क्लेव स्थित करोड़ों की संपत्ति जब्त कर ली है।

मुंबई स्थित सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया के अधिकारी दो दिन पहले शाहजहामपुर गए थे। इसके बाद राजपाल की संपत्ति पर बैंक का बैनर लगा दिया गया। उस बैनर पर लिखा था कि यह संपत्ति सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया, मुंबई की है और इसे किसी भी तरह से खरीदा या बेचा नहीं जाना चाहिए। सोमवार सुबह सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया मुंबई के अधिकारियों ने संपत्ति जब्त कर ली। राजपाल यादव ने यह लोन अपने पिता नौरंगी लाल यादव के नाम पर लिया था। वह यह कर्ज नहीं चुका सके इसलिए बैंक ने उनके खिलाफ बड़ी कार्रवाई की है। फिलहाल इस मामले पर राजपाल यादव ने कोई प्रतिक्रिया नहीं दी है। इससे पहले 2018 में राजपाल को ऐसे ही मामले में तीन महीने के लिए जेल जाना पड़ा था। दिल्ली स्थित कंपनी मुरली प्रोजेक्ट्स ने राजपाल यादव की श्री नौरंग गोदावरी एंटरटेनमेंट के खिलाफ सिविल केस दायर किया था। राजपाल ने 2010 में उनसे कर्ज लिया था, कर्ज चुकाने में नाकाम रहने पर उन्हें तीन महीने की जेल हुई थी।

## एक्टर समीर सोनी ने करण जौहर, फराह खान पर जमकर साधा निशाना

**अभिनेता** समीर सोनी कई सालों से हिंदी फिल्म इंडस्ट्री का हिस्सा हैं। कुछ सीरियल और फिर फिल्मों में काम करने के बाद भी उन्हें ज्यादा सफलता नहीं मिली लेकिन वह फिल्म इंडस्ट्री को अच्छे से जानते हैं। उन्होंने हाल ही में एक इंटरव्यू दिया और कई खुलासे भी किए। समीस सोनी ने एक साक्षात्कार में अभिनेताओं के अत्यधिक पारिश्रमिक पर टिप्पणी की। साक्षात्कार में समीर सोनी कहा, करण जौहर और फराह खान के कहने का मतलब यह है कि अगर आपकी फिल्म बनाने की लागत दिन-ब-दिन बढ़ती जा रही है तो इसके लिए आप खुद जिम्मेदार हैं। आप वो हैं जो एक स्टार एक्टर को 100 करोड़ देते हैं और फिर खुद कहते हैं कि एक्टर्स को बहुत ज्यादा पैसे दिए जाते हैं। आप भी गलत हैं, वरना कई कलाकार 1 करोड़ या 50 लाख में भी काम करते हैं। ये दोनों ही हैं जो कलाकारों को सर आंखों पर रखते हैं। कुछ दिनों पहले करण जौहर ने एक्टर्स के सफर और सेट पर रहने के खर्च पर टिप्पणी की थी। उन्होंने कहा था कि शीर्ष कलाकार बहुत अधिक पारिश्रमिक मांगते हैं। फराह खान ने इसकी पुष्टि की है। अब समीर सोनी ने इन दोनों को आईना दिखाकर सवालिया निशान खड़ा कर दिया है। समीर सोनी हाल ही में वेब सीरीज 'मेड इन हेवन' में नजर आए थे। वह फिल्म 'आई हेट लव स्टोरीज', 'बागबान' में नजर आए। उनका सीरियल 'परिचय' बहुत लोकप्रिय हुआ था। इस सीरीज की वजह से आज भी दर्शक उन्हें याद करते हैं।

## सोनाक्षी सिन्हा ने बताया शादी में अपनी मां की साड़ी पहनने का कारण

**बॉलीवुड** एक्ट्रेस सोनाक्षी सिन्हा पिछले कुछ समय से अपनी पर्सनल लाइफ को लेकर सुर्खियों में हैं। उन्होंने हाल ही में जहीर इकबाल के साथ शादी की थी। उनके इस अंतरधार्मिक विवाह के लिए उनकी आलोचना की गई थी। अब एक इंटरव्यू के दौरान सोनाक्षी ने शादी में अपनी मां की साड़ी पहनने का खुलासा किया है। इस बारे में बात करते हुए सोनाक्षी कहती हैं कि मेरे दिमाग में चीजें साफ थीं। मैंने पहले ही तय कर लिया था कि मुझे शादी और कॉन्सर्ट में क्या पहनना है। मैं अपनी मां की साड़ी और उनके गहने पहनना चाहती थी और मैंने वही किया। मैंने भी तय कर लिया था कि रिसेप्शन के दौरान मुझे लाल साड़ी पहननी है। यह सब पहले से ही मेरे दिमाग में था। आगे बोलते हुए उन्होंने कहा, मैं अपने पहने हुए कपड़ों के माध्यम से सांस ले सकती थी। मैं घूम-फिर सकती थी और इसलिए मैं अपनी शादी का आनंद ले सकती थी। मुझे कोई परेशानी नहीं हुई लेकिन इस बार सोनाक्षी ने कहा कि भविष्य में बेहद खूबसूरत पत्नी का ट्रेंड आएगा। जहीर के कपड़ों के बारे में बात करते हुए उन्होंने कहा, 'हम उनके एक दोस्त के पास गए, जो एक डिजाइनर है। जहीर ने एक ड्रेस देखी, उसे पसंद कर लिया और उसी वक्त तय कर लिया कि यही वह ड्रेस है जिसे मैं शादी में पहनूंगा। हमने कपड़ों के बारे में ज्यादा नहीं सोचा। इसे चुनने में जरा भी वक्त बर्बाद नहीं किया। इस इवेंट में उन्होंने रैंप वॉक कर सबका ध्यान अपनी ओर खींचा।

# सुनील गावस्कर ने दिया चौंकाने वाला बयान

■ बहाने बनाने में गोल्ड जीत सकता है भारत ■ बोले, लक्ष्य सेन संकट में गार्डन में घूमने वाला





**नई दिल्लीः** सुनील गावस्कर का मानना है कि युवा बैडमिंटन खिलाड़ी लक्ष्य सेन में चैंपियन बनने के सभी गुण हैं, लेकिन पेरिस ओलंपिक पदक से चूकने के बाद उन्हें मानसिक ट्रेनिंग पर ध्यान देने की जरूरत है। सेन को सेमीफाइनल और कांस्य पदक के प्लेऑफ में हार का सामना करना पड़ा, जबकि दोनों ही मुकाबलों में वह बढ़त बनाए हुए थे, जिससे ओलंपिक पदक उनके हाथ से निकल गया। गावस्कर ने कहा, मैं थोड़ा निराश था, क्योंकि सेमीफाइनल और कांस्य पदक के दोनों मुकाबलों में लक्ष्य ने बढ़त बनाई थी, लेकिन इसे बरकरार नहीं रख सके। इसलिए क्या यह मानसिक समस्या है, क्योंकि इस पर सच में गौर करने की जरूरत है। उन्होंने कहा, प्रकाश पादुकोण ने भी कहा कि उन्हें नहीं पता कि वह कैसे हार गए। कभी कभार ऐसा हो सकता है कि आप बस मैच गंवा बैठे। हर दिन हम सभी के साथ भी ऐसा होता है।

गावस्कर ने कहा, शायद यह कुछ ऐसा है, जिस पर उन्हें ध्यान देने की जरूरत है। मैंने कहीं पढ़ा कि प्रकाश ने कहा कि उन्हें शायद माइंड ट्रेनिंग पर ध्यान देना चाहिए। यह कुछ ऐसा है, जिस पर उन्हें ध्यान देना चाहिए। उन्होंने, विमल कुमार, बीएआई और सरकार के टॉप्स के साथ मिलकर हर संभव कोशिश की थी, लेकिन जब मुश्किल समय आया, तो लक्ष्य भारतीय क्रिकेट टीम के कप्तान (रोहित शर्मा) के शब्दों में ह्यगार्डन में घूमने वालेह्ल थे।

**सेमीफाइनल-ब्रॉन्ज मेडल मैच में खो दी थी एकाग्रता :** गावस्कर ने लिखा, सेमीफाइनल और ब्रॉन्ज मेडल के मैच देखने वालों को लगा कि लक्ष्य ने अपने रैकेट को देखने के तरीके में अपनी सोच और एकाग्रता खो दी थी, जब वह प्वाइंट्स के बीच या चेंजओवर के दौरान अपनी पानी की बोतल से पानी पीता था..मैं पूरी तरह से गलत हो सकता हूं, लेकिन टीवी पर, यह एक खाली भाव की तरह लग रहा था और यह आमतौर पर एक संकेत है कि मन भटक गया है। एकाग्रता और ध्यान ऐसी चीजें हैं, जो कोई भी कोच या ट्रेनर कभी नहीं सिखा सकता।

## भारतीय रेसलर विनेश फोगाट के मेडल पर फैसला फिर टला


सीएएस अब 16 अगस्त को रात साढ़े नौ बजे सुनाएगा निर्णय



**एजेंसी/ पेरिस :** भारतीय रेसलर विनेश फोगाट के सिल्वर मेडल पर फैसला एक बार फिर टाल दिया गया है। कोर्ट ऑफ आर्बिट्रेशन फॉर स्पोर्ट्स (सीएएस) ने मंगलवार को नई तारीख दी है। अब यह फैसला 16 अगस्त को रात साढ़े नौ बजे सुनाया जाएगा। सीएएस ने नौ अगस्त को तीन घंटे तक इस मामले की सुनवाई की थी। इस दौरान विनेश भी वर्चुअली मौजूद रहीं। भारतीय ओलंपिक संघ की ओर से सीनियर वकील हरीश साल्वे ने विनेश का पक्ष रखा था।

गौर हो कि फाइनल मैच से पहले विनेश को 100 ग्राम ज्यादा वजन होने के चलते अयोग्य घोषित कर दिया गया था, जबकि शुरूआती दौर से पहले किए गए वजन में विनेश 50 किलोग्राम वेट कैटेगरी की तय सीमा से कम थीं। ऐसे में विनेश ने ज्वाइंट सिल्वर मेडल की मांग की है। इस मामले पर सीएएस ने कहा था कि हम विनेश के केस में प्रक्रियाएं तेजी से कर रहे हैं, लेकिन एक घंटे में फैसला देना संभव नहीं है।

## सलीम-जावेद के करियर पर बनी सीरीज 'एंग्री यंग मैन' का ट्रेलर रिलीज




**प्राइम** वीडियो ने अपनी नई ओरिजिनल डॉक्यूमेंट्री सीरीज 'एंग्री यंग मैन' का ट्रेलर रिलीज कर दिया है। तीन पार्ट वाली यह सीरीज मशहूर लेखक जोड़ी सलीम खान और जावेद अख्तर, जिन्हें सलीम-जावेद के नाम से जाना जाता है, के जीवन और उनके करियर पर आधारित है। वर्ष 1970 के दशक में सलीम-जावेद ने बॉलीवुड में 'एंग्री यंग मैन' हीरो का किरदार लाकर इंडियन सिनेमा को पूरी तरह से बदल दिया। उन्होंने रोमांस से हटकर एक्शन-ड्रामा पर ध्यान केंद्रित किया, जो उस समय बहुत पॉपुलर हुआ। सलमान खान फिल्म्स व एक्सेल मीडिया एंड एंटरटेनमेंट की सीरीज एंग्री यंग मेन की सलमा खान, सलमान खान, रितेश सिधवानी, फरहान अख्तर, जोया अख्तर और रीमा कागती एक्जीक्यूटिव प्रोड्यूसर हैं। इसके साथ डायरेक्टर नम्रता राव अपना डेब्यू कर रही है। एंग्री यंग मेन का प्रीमियर 20 अगस्त को प्राइम वीडियो पर होगा। डॉक्यूमेंट्री सीरीज के ट्रेलर में सलीम-जावेद की दिल छू लेने वाली और इंस्पायरिंग कहानी दिखाई गई है। यह दर्शकों को उनके द्वारा बनाई गई बॉलीवुड की दुनिया से अवगत कराया गया। उनकी मशहूर फिल्मों जैसे दीवार, डॉन, शोले, त्रिशूल और दोस्ताना को दिखाता है, जिन्होंने इंडियन सिनेमा को बहुत प्रभावित किया है। यह डॉक्यूमेंट्री सीरीज उनकी साधारण शुरूआत से लेकर मशहूर स्क्रीन राइटर बनने तक के सफर को भी दिखाती है। इसमें रेयर ओल्ड फुटेज शामिल है, जो उनकी निजी ज़िंदगी, दोस्ती और साथ में की गई 24 फि ल्मों में उनकी क्रिएटिविटी को दिखाती है। इस डॉक्यूमेंट्री सीरीज में अमिताभ बच्चन, जया बच्चन, हेमा मालिनी, हेलेन, सलमान खान, ऋतिक रोशन, आमिर खान और करीना कपूर खान जैसे सितारों के बेहद प्यार कॉमेंट्स शामिल हैं। वे बताते हैं कि सलीम-जावेद ने उनके करियर को कैसे प्रभावित किया है।

## हैमस्ट्रिंग की चोट के कारण इंग्लिश समर से बाहर हुए बेन स्टोक्स



**लंदनः** इंग्लैंड के टेस्ट कप्तान बेन स्टोक्स को द हंड्रेड के मौजूदा सत्र में खेलते समय हैमस्ट्रिंग की चोट लगने के कारण शेष इंग्लिश समर से बाहर कर दिया गया है। ऑलराउंडर को रविवार को नॉर्दर्न सुपरचार्जर्स के लिए खेलते समय बाएं हैमस्ट्रिंग में चोट लग गई थी।

इंग्लैंड और वेल्स क्रिकेट बोर्ड ने मंगलवार को एक विज्ञप्ति में घोषणा की, मंगलवार को लीड्स में किए गए स्कैन के परिणामस्वरूप, स्टोक्स श्रीलंका के खिलाफ इंग्लैंड की तीन मैचों की टेस्ट श्रृंखला से चूक जाएंगे।₹

स्टोक्स को उम्मीद है कि वे इंग्लैंड के पाकिस्तान दौरे पर वापस लौटेंगे, जो अक्टूबर की शुरूआत में खेला जाएगा। इंग्लैंड का अगला दौरा, श्रीलंका के खिलाफ टेस्ट सीरीज, 21 अगस्त को ओल्ड ट्रैफर्ड में शुरू होने वाली है। इंग्लैंड ने टीम में स्टोक्स के लिए किसी प्रतिस्थापन की घोषणा नहीं की है, जिसका नेतृत्व अब ओली पोप करेंगे।

# अब ग्वालियर में खेला जाएगा भारत-बांग्लादेश के बीच धर्मशाला टी20 मैच

**नई दिल्लीः** भारत और बांग्लादेश के बीच पहला टी20 मैच, जो धर्मशाला में होना था, अब ग्वालियर में खेला जाएगा। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने मंगलवार रात उक्त घोषणा की।

बोर्ड ने एक विज्ञप्ति में कहा कि हिमाचल प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन द्वारा ड्रेसिंग रूम में किए जा रहे नवीनीकरण कार्य के कारण स्थानों में बदलाव करना आवश्यक हो गया था।

यह मैच, जो अब भी 6 अक्टूबर को खेला जाएगा, नवनिर्मित श्रीमंत माधवराव सिंधिया क्रिकेट स्टेडियम में पहला अंतरराष्ट्रीय मैच होगा। सचिन तेंदुलकर द्वारा दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ एकदिवसीय मैच में दोहरा शतक लगाने के बाद ग्वालियर में यह पहला अंतरराष्ट्रीय मैच होगा।

इंग्लैंड के खिलाफ पहले और दूसरे टी20आई के लिए स्थानों में भी बदलाव किया गया है। जबकि तारीखें वही रहेंगी (क्रमशः 22 और 25 जनवरी), पहला मैच अब चेन्नई के बजाय कोलकाता में खेला जाएगा। चेन्नई का एमए चिदंबरम स्टेडियम, जो पहले श्रृंखला के पहले मैच की मेजबानी करने वाला था, दूसरे टी20आई की मेजबानी करेगा। बीसीसीआई ने कहा, कोलकाता पुलिस द्वारा क्रिकेट एसोसिएशन ऑफ बंगाल से उनकी पूर्व गणतंत्र दिवस प्रतिबद्धताओं और दायित्वों के संबंध में अनुरोध के बाद स्थल परिवर्तन आवश्यक हो गया था।



## न्यूज ब्रीफ



### युवक की हत्या, परिजनों ने किया रोड जाम

**लखनऊ:** बंथरा थाना क्षेत्र में एक युवक की हत्या कर दी गई। घटना की जानकारी पर मृतक के परिवार ने ग्रामीणों से साथ रोड जामकर हंगामा किया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम भेजकर कार्रवाई का भरोसा देकर परिवार को शांत कराने का प्रयास किया। मंथाना क्षेत्र के नानामऊ गांव में रहने वाला माखौल को अज्ञात लोगों ने मारा डाला है। घटना की जानकारी पर परिवार के लोगों ने ग्रामीणों की मदद से बनी मोहान रोड जामकर हंगामा शुरू कर दिया। घटना की जानकारी पर पहुंची पुलिस ने परिवार को समझा-बुझाकर मामले को शांत कराने का प्रयास किया गया तो परिवार के लोग मानने को तैयार नहीं हुए। घरवालों का आरोप है कि कुछ दिन पहले उनके घर लूट हुई थी, इसकी जानकारी मृतक माखौल को थी। जिन लोगों ने लूट की घटना को अंजाम दिया है उन्हीं लोगों ने उसे मार डाला है। इस मामले पुलिस को पहले ही अवगत कराया गया था, लेकिन पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की। खबर लिखे जाने तक परिवार के लोग जाम लगाये हुए हैं।

### सीएम योगी के नेतृत्व में निकली विभाजन विभीषिका स्मृति मौन पदयात्रा,11



**लखनऊ:** भाजन विभीषिका स्मृति दिवस बुधवार को मनाया गया। इसके तहत मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में 'विभाजन विभीषिका स्मृति मौन पदयात्रा' निकली। मुख्यमंत्री ने सर्वप्रथम सरदार वल्लभ भाई पटेल की प्रतिमा पर पुष्पार्चन किया। इसके बाद सरदार वल्लभ भाई पटेल के प्रतिमा स्थल से प्रारंभ होकर पदयात्रा लोकभवन तक पहुंची। इस दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ हाथ में तख्ती लेकर चल रहे थे। इसमें त्रासदी का दंश झेलने वालों की पीड़ा बयां थी। लोकभवन में पहुंचने के उपरांत मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने विभाजन विभीषिका की त्रासदी पर आधारित अभिलेख प्रदर्शनी का अवलोकन भी किया। विभाजन विभीषिका स्मृति मौन पदयात्रा में उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य, ब्रजेश पाठक, महापौर सुषमा खर्कवाल, राज्यसभा सांसद डॉ. दिनेश शर्मा, प्रदेश सरकार के मंत्री जयवीर सिंह, बलवीर सिंह औलख, विधायक योगेश शुक्ल, ओपी श्रीवास्तव, विधान परिषद सदस्य महेंद्र सिंह, रामचंद्र प्रधान, मुकेश शर्मा, अनूप गुप्ता, उमेश द्विवेदी, भाजपा महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी समेत अनेक जनप्रतिनिधि व गणमान्य मौजूद रहे।

### साबरमती नदी में मूर्ति विसर्जन के दौरान हादसा, तीन की मौत



**अहमदाबाद:** गांधी नगर के सेक्टर 30 के पास साबरमती नदी में बुधवार सुबह दशा मां मूर्ति विसर्जन के दौरान तीन लोगों की डूबने से मौत हो गई। बताया गया है कि मूर्ति विसर्जन कर रही एक किशोरी गहरे पानी में चली गई। उसे बचाने के लिए चार अन्य लोग भी कूद पड़े। गहराई अधिक होने की वजह से सभी डूबने लगे। किसी तरह दो लोगों को बचा लिया गया। हादसे में किशोरी पूनम प्रजापति, भारती बेन प्रजापति और अजय बंजारा (अमराइवाडी) की मौत हो गई।

### मणिपुर पुलिस ने 229 लोगों को लिया हिरासत में



**इंफाल:** मणिपुर पुलिस द्वारा राज्य के विभिन्न जिलों के संवेदनशील तथा दुर्गम इलाकों में सघन छापामारी तथा तलाशी अभियान चलाया जा रहा है। अभियान में कानून की अलग-अलग धाराओं के उल्लंघन के सिलसिले में 229 लोगों को हिरासत में लिया गया है। पुलिस ने आज बताया कि आवश्यक वस्तुओं के साथ राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या-2 पर 162 वाहनों की आवाजाही सुनिश्चित की गई। वाहनों की स्वतंत्र और सुरक्षित आवाजाही सुनिश्चित करने के लिए सभी संवेदनशील स्थानों पर कड़े सुरक्षा उपाय किए गए हैं। संवेदनशील क्षेत्रों में सुरक्षा बलों को व्यापक पैमाने पर तैनात किया गया है। पुलिस ने बताया कि पहाड़ी और घाटी दोनों में मणिपुर के विभिन्न जिलों में 106 नाके और जांच चौकियां स्थापित की गई हैं।

# हिमाचल प्रदेश में भूस्खलन से 142 सड़कें बंद, चार दिन भारी बारिश का अलर्ट

**शिमला:** हिमाचल प्रदेश में पिछले दो दिन से मानसून के मंद रहने से भारी वर्षा में कमी आई है। इससे लोगों ने राहत की सांस ली है। हालांकि भूस्खलन से अभी भी 142 सड़कें अवरूद्ध रहने से परिवहन व्यवस्था चरमराई हुई है। इसके अलावा कई जगह बिजली ट्रांसफार्मर और पेयजल स्कीमें ठप पड़ने से बिजली व पेयजल आपूर्ति भी प्रभावित हुई है।

मौसम विज्ञान केंद्र शिमला ने अगले छह दिन मौसम के खराब रहने की संभावना जताई है। राज्य के अधिकांश हिस्सों में आगामी 18 अगस्त तक भारी वर्षा का येलो अलर्ट जारी किया गया है। सिरमौर जिला व इससे सटे क्षेत्रों में कल यानी 15 अगस्त तक बाढ़ आने का खतरा जताया है और लोगों को सतर्क रहने की सलाह दी है। लोगों को भूस्खलन संभावित क्षेत्रों और नदी-नालों के समीप न जाने की हिदायत दी गई है। बीते 24 घंटों के दौरान कांगड़ा



जिला के मुख्यालय धर्मशाला में सर्वाधिक 40 मिलीमीटर वर्षा रिकार्ड की गई। इसके अलावा कांगड़ा में 35 मिलीमीटर, नारकंडा में 23 मिलीमीटर, बह्ममणी में 19, सुजानपुर टीहरा में 16, भराड़ी में 15 व रामपुर में 11 मिलीमीटर वर्षा हुई।

राज्य आपातकालीन परिचालन केंद्र के मुताबिक बुधवार की सुबह तक प्रदेश भर में दो नेशनल हाईवे व 142 सड़कें बंद हैं। इसके अलावा 209 बिजली ट्रांसफार्मर व 47 पेयजल परियोजनाएं भी ठप हैं। शिमला जिला में सबसे ज्यादा 73 सड़कें अवरूद्ध हैं। मंडी में 22, कुल्लू में 20, सिरमौर में 14, कांगड़ा में पांच, लाहौल-स्पीति व किन्नौर में तीन-तीन और चंबा में दो सड़कों पर आवाजाही ठप है।

भूस्खलन के कारण सिरमौर में एनएच-707 और कुल्लू में एनएच-305 भी बाधित है। मंडी जिला में भारी वर्षा से 117 बिजली ट्रांसफार्मर बंद पड़े हैं। इसी तरह सिरमौर में 40, लाहौल-स्पीति में 31, कुल्लू में सात, उसाव चंबा में तीन-तीन, कागड़ा में एक ट्रांसफार्मर के खराब रहने से बिजली गुल है। शिमला में 21, कुल्लू में 18, बिलासपुर में छह, सिरमौर व उना में एक-एक पेयजल स्कीम बंद है।

## ये साइंस है: शिंगल्स के खिलाफ जीएसके के नए जागरूकता एवं बचाव अभियान से जुड़े अमिताभ बच्चन एवं मनोज पाहवा

**रांची:** जीएसके ने आज शिंगल्स के प्रति जागरूकता के लिए नया कैंपेन लॉन्च किया। इस कैंपेन में सदी के महानायक अमिताभ बच्चन एवं प्रतिष्ठित अभिनेता मनोज पाहवा चिकन पॉक्स और शिंगल्स के बीच के वैज्ञानिक संबंधों के बारे में विस्तार से समझाते हुए नजर आएंगे। कैंपेन फिल्मों में शिंगल्स के बारे में चर्चा कर रहे दो दोस्तों के बीच की सामान्य बातचीत को ही केंद्र में रखा गया है। इसमें डायबिटीज से पीड़ित लोगों में शिंगल्स की अधिक आशंका के बारे में भी विमर्श किया गया है।इस अभियान को लेकर मनोज पाहवा ने कहा, ह्यमैं उस आयु वर्ग में आता हूं, जिसमें शिंगल्स होने का खतरा रहता है। जीएसके के शिंगल्स जागरूकता अभियानों के माध्यम से मैंने इस दर्दभरी बीमारी और इससे जुड़े खतरों के बारे में काफी कुछ जाना है। मैं लोगों को शिंगल्स के कारण जानने और बचाव के महत्व के बारे में शिक्षित करने के इस अभियान का हिस्सा बनकर गर्व का अनुभव कर रहा हूं। मैं 50 साल से अधिक उम्र के लोगों को प्रोत्साहित करना चाहूंगा कि अपने डॉक्टर से शिंगल्स एवं इससे बचाव के तरीकों के बारे में बात करें।ह्लऐसे लोग जिन्हें पहले चिकनपॉक्स हो चुका हो और अब वे डायबिटीज का शिकार हैं, तो उनमें शिंगल्स का खतरा 40 प्रतिशत ज्यादा रहता है। खून में ग्लूकोज की ज्यादा मात्रा यानी हाई ब्लड शुगर से इम्यून सिस्टम कमजोर हो सकता है और जब इम्यून सिस्टम कमजोर होता है तो चिकन पॉक्स के वायरस के पुनः सक्रिय होने और शिंगल्स होने का खतरा बढ़ जाता है। जीएसके की पेशेंट एम्पावरमेंट हेड विज्ञेता अग्रवाल ने कहा, ह्य2023 का एपीआई-इप्सॉस सर्वे दिखाता है कि यहां तक कि जिन लोगों को शिंगल्स हो चुका है, उन्हें भी अपनी इस दर्दभरी बीमारी का कारण नहीं पता होता है। यह जरूरी है कि 50 साल से अधिक उम्र के सभी लोगों को शिंगल्स और इससे बचाव के बारे में पता हो। हम शिंगल्स होने के वैज्ञानिक कारणों और चिकन पॉक्स एवं शिंगल्स के बीच के संबंधों को सामान्य तरीके से समझाना चाहते हैं। अमिताभ बच्चन में देश के हर कोने के लोगों से जुड़ने की अद्भुत क्षमता है। हमें विश्वास है कि कैंपेन में उनके होने से हमें ज्यादा से ज्यादा लोगों, विशेष रूप से बड़ी उम्र के लोगों तक पहुंचने और उन्हें शिंगल्स एवं इससे बचाव के तरीकों के बारे में अपने डॉक्टर से सलाह लेने के लिए प्रेरित करने में मदद मिलेगी।ह्वद स्मॉल बिग आइडिया की इकाई ब्लिट्जक्रेग के सह-संस्थापक एवं सीईओ हरिकृष्णन पिल्लई ने कहा, ह्यइस अभियान में दो कैंपेन फिल्में शामिल हैं। एक फिल्म में दो बुजुर्ग दोस्त स्कूली दिनों को याद करते हुए चिकनपॉक्स एवं शिंगल्स के बीच के संबंध को स्थापित करते नजर आएंगे, वहीं दूसरी फिल्म में दोनों दोस्तों के बीच के गहरे संबंधों एवं इस तथ्य पर जोर दिया गया है कि डायबिटीज से ग्रसित लोगों में शिंगल्स का खतरा ज्यादा होता है।

### जून तिमाही में बिरला कॉपोरेशन की क्षमता उपयोग सिकुड़ते बाजार में 91प्रतिशत रही

**रांची :** असामान्य रूप से कमजोर सीमेंट की कीमतें और मांग में सुस्ती, साथ ही जूट उद्योग में अभूतपूर्व मंदी ने बिरला कॉपोरेशन लिमिटेड की जून तिमाही की लाभप्रदता को कम कर दिया।कमजोर मांग के सामने, कंपनी की बिक्री मात्रा के हिसाब से 1% से कम गिरी, जिसका श्रेय मुकुटबन इकाई में बेहतर क्षमता उपयोग को जाता है। इसके साथ ही, जून तिमाही में इसके जूट डिवीजन को झटका लगा, क्योंकि सरकार ने जूट बैग के ऑर्डर कम कर दिए और शॉपिंग बैग का निर्यात रसद संबंधी बाधाओं के कारण बाधित रहा।जून तिमाही के लिए समेकित राजस्व 2,207 करोड़ रुपये रहा, जो 9% कम था, जबकि इबीआइटीडीए 275 करोड़ रुपये रहा, जो पिछले साल की तुलना में 12% कम था। तिमाही के दौरान सीमेंट की बिक्री मात्रा के हिसाब से 4.38 मिलियन टन (एमटी) रही, जबकि पिछले साल इसी अवधि में यह 4.41 एमटी थी। इसका मतलब है कि क्षमता उपयोग 91% रहा, जो रेटिंग एजेंसी आईसीआरए के अनुमानित पूरे साल के औसत क्षमता उपयोग 71% से काफी अधिक है। तिमाही के दौरान सीमेंट की बिक्री आम चुनावों और कंपनी के कुछ प्रमुख बाजारों में खराब मौसम की वजह से प्रभावित हुई। फिर भी, कंपनी ने अपने प्रीमियम उत्पादों की बिक्री में तेजी लाई, जिसका हिस्सा व्यापार चैनल के माध्यम से कुल बिक्री का 59% था। जून तिमाही के दौरान प्रीमियम उत्पादों की बिक्री 1.85 एमटी रही, जो साल-दर-साल 2% की वृद्धि दशार्ती है। कंपनी के प्रमुख ब्रांड परफेक्ट प्लस की बिक्री मात्रा के हिसाब से पिछले साल की इसी अवधि की तुलना में 8% बढ़ी।

## शुरूआती कारोबार में शेयर बाजार में उतार-चढ़ाव जारी, सेंसेक्स और निफ्टी में मामूली तेजी

**नई दिल्ली:** घरेलू शेयर बाजार में शुरूआती कारोबार के दौरान लगातार उतार-चढ़ाव बना हुआ है। आज बाजार खुलने के बाद से ही लिवालों और बिकवालों के बीच एक-दूसरे पर हावी होने की कोशिश जारी है, जिसकी वजह से शेयर बाजार कभी लाल निशान में, तो कभी हरे निशान में कारोबार करता नजर आ रहा है। पहले एक घंटे का कारोबार होने के बाद सेंसेक्स 0.09 प्रतिशत और निफ्टी 0.05 प्रतिशत की मजबूती के साथ कारोबार करते नजर आ रहे थे।

शुरूआती एक घंटे का कारोबार होने के बाद स्टॉक मार्केट के दिग्गज शेयरों में से अपोलो हॉस्पिटल, टीसीएस, महिंद्रा एंड महिंद्रा, एचसीएल टेक्नोलॉजी और हिंडाल्को इंडस्ट्रीज के शेयर 2.03 प्रतिशत से लेकर 1.13 प्रतिशत की मजबूती के साथ कारोबार कर रहे थे। दूसरी ओर हीरो मोटोकॉर्प, डिवीज लेबोरेट्रीज, अल्ट्राटेक सीमेंट, अडाणी पोर्ट्स और आईसीआईसीआई बैंक के शेयर 4.09 प्रतिशत से लेकर 1.14 प्रतिशत की गिरावट के साथ कारोबार करते नजर आ रहे थे।

अभी तक के कारोबार में



स्टॉक मार्केट में 2,215 शेयरों में एक्टिव ट्रेडिंग हो रही थी। इनमें से 776 शेयर मुनाफा कमा कर हरे निशान में कारोबार कर रहे थे, जबकि 1439 शेयर नुकसान उठा कर लाल निशान में कारोबार कर रहे थे। इसी तरह सेंसेक्स में शामिल 30 शेयरों में से 16 शेयर लिवाली के सपोर्ट से हरे निशान में बने हुए थे। दूसरी ओर 14 शेयर बिकवाली के दबाव में लाल निशान में कारोबार कर रहे थे। जबकि निफ्टी में शामिल 50 शेयरों में से 24 शेयर हरे निशान में और 26 शेयर लाल निशान में कारोबार करते नजर आ रहे थे।

बीएसई का सेंसेक्स आज 109.19 अंक की मजबूती के साथ 79,065.22 अंक के स्तर पर खुला। कारोबार की शुरूआत होने के तुरंत बाद बिकवाली का दबाव बन जाने की वजह से ये सूचकांक लुढ़क कर लाल निशान में 78,895.72 अंक तक पहुंच गया। हालांकि इसके बाद खरीदारी का सपोर्ट मिलने पर ये सूचकांक उछल कर हरे निशान में 79,122.42 अंक तक पहुंचने में भी सफल रहा। बाजार में लगातार जारी खरीद बिक्री के बीच पहले 1 घंटे का कारोबार होने के बाद सुबह 10:15 बजे सेंसेक्स 70.09 अंक की बढ़त के साथ 79,026.12 अंक के स्तर पर कारोबार कर रहा था।

सेंसेक्स की तरह ही एनएसई के निफ्टी ने आज 45.40 अंक की मजबूती के साथ 24,184.40 अंक के स्तर से कारोबार की शुरूआत की। बाजार खुलते ही बिकवाली का दबाव बढ़ने पर ये सूचकांक लुढ़क कर लाल निशान में 24,099.70 अंक तक पहुंच गया, वहीं खरीदारी का सपोर्ट मिलने पर इसने हरे निशान में 24,196.50 अंक तक की छलांग भी लगाई। बाजार में लगातार जारी लिवाली और बिकवाली के बीच शुरूआती 1 घंटे का कारोबार होने के बाद सुबह 10:15 बजे निफ्टी 10.95 अंक की मामूली तेजी के साथ 24,149.95 अंक के स्तर पर कारोबार कर रहा था। इसके पहले पिछले कारोबारी दिन मंगलवार को सेंसेक्स 692.89 अंक यानी 0.87 प्रतिशत की कमजोरी के साथ 78,956.03 अंक के स्तर पर बंद हुआ था। वहीं निफ्टी ने 208 अंक यानी 0.85 प्रतिशत की गिरावट के साथ 24,139 अंक के स्तर पर मंगलवार के कारोबार का अंत किया था।

### एस्सिलोरइ ने विराट कोहली के साथ नया ब्रांड कैंपेन शुरू किया

**रांची :** दुनिया भर में प्रिस्क्रिप्शन लेंस के अग्रणी ब्रांड एस्सिलोरइ ने अपने नए अभियान की शुरूआत की, जिसमें भारत के ब्रांड एंबेसडर विराट कोहली शामिल हैं। इस कैंपेन का उद्देश्य ब्रांड की स्थिति को मजबूत करना और दर्शकों को एस्सिलोर के बेहतर उत्पाद पेशकशों से जोड़ना है जो दृष्टि सुधार आवश्यकताओं के लिए समाधान प्रदान करते हैं। कैंपेन का पहला चरण आईजेनइ पर केंद्रित है, जो एस्सिलोरइ के सिंगल विजन लेंस हैं, विशेष रूप से उन लोगों के लिए जो लंबे समय तक डिजिटल उपकरणों का उपयोग करते हैं। कैंपेन फिल्म में कई परिदृश्यों को दिखाया गया है जहां लोग लंबे समय तक डिजिटल उपकरणों का उपयोग करते हैं और आंखों में थकान और परेशानी का अनुभव करते हैं। कोहली, जो खुद आईजेनइ लेंस का उपयोग करते हैं, इस लेंस के फायदों की व्याख्या करते हुए नजर आते हैं, जिसमें वे बताते हैं कि कैसे ये लेंस डिजिटल स्क्रीन से होने वाली दृश्य थकान को कम करने और नीली-बैंगनी रोशनी को फि ल्टर करने के लिए डिजाइन किए गए हैं, जिससे आंखों को आराम और सुरक्षा मिलती है। कैंपेन का दूसरा चरण वैरिलक्सइ के इर्द-गिर्द बनाया गया है, जो एस्सिलोरइ के प्रोग्रेसिव लेंस हैं, जो प्रिस्बायोपिया से संबंधित दृष्टि समस्याओं को ठीक करने के लिए उपयोग किए जाते हैं। अभियान फिल्म में विराट कोहली को उनके पुराने कोच के लिए वैरिलक्सइ के प्रवर्तक और समर्थक के रूप में दिखाया गया है। फिल्म में दोनों एक रेस्तरां में बातचीत कर रहे हैं, जहां कोहली देखते हैं कि उनके कोच, जो नॉन-प्रोग्रेसिव लेंस पहने हुए हैं, डिजिटल उपकरण को करीब से देखने में संघर्ष कर रहे हैं। कोहली अपने कोच को वैरिलक्सइ लेंस आजमाने का सुझाव देते हैं ताकि इस तरह की कठिनाइयों से बचा जा सके और बेहतर दृष्टि प्राप्त हो सके। फिल्म में एआई तकनीक और वैज्ञानिक दृष्टिकोण को प्रदर्शित किया गया है, जो वैरिलक्सइ प्रोग्रेसिव लेंस की मदद से प्रिस्बायोपिया को ठीक करने के लिए उपयोग किया जाता है।

### नए ई एन ओ 3-इन-1 में हैं ई एन ओ की शक्ति के साथ प्राकृतिक तत्वों जैसे जीरा, अजवाइन और काला नमक के गुण

**रांची :** हेलीऑन (तत्कालीन ग्लैक्सोस्मिथक्लाइन कंज्यूमर हेल्थकेयर) द्वारा भारत के नंबर 1 ओटीसी एंटेसिड, ई एन ओ ने एसिडिटी से तेज और प्रभावशाली राहत के लिए ई एन ओ की शक्ति और असली जीरा, अजवाइन एवं काला नमक के गुणों के साथ नया 3-इन-1 वैरिएंट लॉन्च किया है। इन नए वैरिएंट्स में ई एन ओ की शक्ति के साथ विश्वसनीय प्राकृतिक तत्वों के गुण हैं, जो 3 बीमारियों - एसिडिटी, गैस और अपच से राहत प्रदान करते हैं। ई एन ओ भारत में एसिडिटी के विश्वसनीय समाधान के रूप में जाना जाता है। यह ग्राहकों के लिए अपने इनोवेटिव समाधानों के साथ बाजार का नेतृत्व करता आ रहा है। इसके हर साल एक अरब से ज्यादा पाउच बिकते हैं। ई एन ओ तेजी से और प्रभावशाली तरीके से राहत प्रदान करने के लिए मशहूर है। इसलिए यह भारत में ओवर-द-काउंटर एंटासिड्स में सबसे ज्यादा पसंदीदा ब्रांड है।पीढ़ियों से चले आ रहे पारंपरिक घरेलू नुस्खों में जमे विश्वास के साथ नए ई एन ओ 3-इन-1 में तीन विश्वसनीय शक्तिशाली प्राकृतिक तत्वों - जीरा, अजवाइन और काला नमक के गुण ताजगी भरा, स्वादिष्ट और प्राकृतिक स्वाद के साथ दिए गए हैं। इन 3 तत्वों की शक्ति मिलकर एसिडिटी, गैस की परेशानी और अपच जैसी पाचन की अनेक समस्याओं से आराम देती है।देश में यह नया वैरिएंट पेश करने के लिए, ई एन ओ ने अपारशक्ति खुराना और फरीदा जलाल अभिनीत टीवीसी लॉन्च किया है। इस टीवीसी में अपारशक्ति खुराना एक शादी में दावत का मजा ले रहे हैं, तभी एसिडिटी उन्हें बेचैन करने लगती है, जिससे उनके परिवार वाले भी परेशान हो जाते हैं। परिवार का हर सदस्य उन्हें एसिडिटी का घरेलू इलाज बताने लगता है, यहाँ तक कि डीजे भी एक नुस्खा बताता है। इसी क्रम में विश्वसनीय दादी, फरीदा जलाल, प्राकृतिक तत्वों की अपनी गहरी समझ और तुरंत राहत की जरूरत को देखते हुए, ई एन ओ 3-इन-1 लेने का सुझाव देती है क्योंकि इसमें ई एन ओ के विश्वास और तुरंत राहत के साथ असली जीरा, काला नमक और अजवाइन की शक्ति है, जो पाचन की विभिन्न समस्याओं से आराम देती है।

### रियलमी ने 320 वाट के सुपरसोनिक चार्ज के साथ 4 मिनट में स्मार्टफोन चार्ज करने का चमत्कार किया

रांची : भारतीय युवाओं के सबसे लोकप्रिय ब्रांड, रियलमी ने आज अपनी नैक्स्ट जनरेशन की 320 वॉट चार्जिंग टेक्नोलॉजी पेश की, जो उद्योग में मानकों को बदल देगी। 320 वॉट के सुपरसोनिक चार्ज के साथ पॉवर, सुरक्षा और एफिशियंसी में अत्याधुनिक प्रगति हासिल हुई है, जो फास्ट चार्जिंग को नई ऊँचाईयों पर ले जाएगी, और पूरे उद्योग में यूजर के अनुभव को बदल देगी।320 वॉट के अत्याधुनिक सुपरसोनिक चार्ज के अलावा रियलमी ने अपनी नंबर सीरीज में नया स्मार्टफोन - रियलमी 13 सीरीज 5जी भी पेश किया है। रियलमी ने साफ कर दिया है कि नई नंबर सीरीज में ह्यपरफॉर्मेंसह्ल पर ध्यान केंद्रित किया गया है। यह परिवर्तन उन ग्राहकों की विकसित होती हुई जरूरतों को पूरा करने के लिए किया गया है।

# संताल आदिवासियों को समाप्त करने में लगी है सरकार : बाबूलाल

**हेमंत सरकार घुसपैठियों को फर्जी दस्तावेज और प्रशासनिक संरक्षण देकर संताल आदिवासियों को समाप्त करने में लगी है। बांग्लादेश में संताल आदिवासी समाज की सुरक्षा के लिए आवश्यक कदम उठाएं।**



**रांची :** बीजेपी के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने सरकार पर निशाना साधा है। बाबूलाल ने एक्स पर एक पोस्ट में लिखा कि वर्तमान समय में बांग्लादेशी सीमा से सटे राज्य के कई जिलों में बांग्लादेशी घुसपैठियों का नियंत्रण स्थापित हो गया है। हेमंत सरकार घुसपैठियों को फर्जी दस्तावेज और प्रशासनिक संरक्षण देकर संताल आदिवासियों को समाप्त करने में लगी है। बांग्लादेश में संताल आदिवासी समाज की सुरक्षा के लिए आवश्यक कदम उठाएं। सिद्धो कान्हू की प्रतिमा को खंडित करना दुर्भाग्यपूर्ण: बांग्लादेशी उन्मादियों द्वारा दिनाजपुर में संताल विद्रोह के नायक वीर सिद्धो कान्हू की प्रतिमा को खंडित करना दुर्भाग्यपूर्ण है। बांग्लादेशी मुसलमान संताल आदिवासियों की हर पहचान को सोची समझी साजिश के तहत क्रमबद्ध तरीके से मिटा रहे हैं। चाहे झारखंड हो या बांग्लादेश, संताल आदिवासी दोनों जगह बांग्लादेशी मुसलमानों के आतंक से त्रस्त हो चुके हैं। सरकार, ऐसे तत्वों को बढ़ावा देकर आदिवासियों की पहचान मिटाने में सहयोग कर रही है।

**तुष्टिकरण और राजनीतिक स्वार्थ के लिए देश का विभाजन कर दिया :** बाबूलाल ने एक अन्य पोस्ट में लिखा कि 14 अगस्त 1947 का दिन इतिहास का वह काला अध्याय है, जब तुष्टिकरण और राजनीतिक स्वार्थ के लिए हमारी देश का विभाजन कर दिया गया। विभाजन के कारण हुए सांप्रदायिक दंगों और हिंसा के कारण लाखों लोगों को अपनी जान गंवानी पड़ी और अपना सबकुछ छोड़ विस्थापित होना पड़ा। देश के बंटवारे के इस असहनीय दर्द को कभी भुलाया नहीं जा सकता। वहीं नेता प्रतिपक्ष अमर बाउरी ने ट्वीट कर कहा कि आज विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस के अवसर पर इस त्रासदी में अपने प्राणों की आहुति देने वाले प्रत्येक पुण्यात्माओं को कोटि-कोटि नमन। 1947 में आज ही के दिन देश को बंटवारे का अमानवीय दंश झेलना पड़ा था। भारत का विभाजन अभूतपूर्व मानव विस्थापन और पलायन की एक दर्दनाक कहानी है। इस त्रासदी में अपना सब कुछ खो देने वाले असंख्य लोगों के संघर्ष और बलिदान को राष्ट्र नमन करता है।


स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकमनाएं

78 वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर सिल्ली, रांची एवं समस्त झारखंड व देशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं




निवेदक-
अभय मांझी ,पूर्व पंसस
बंता हजाम दक्षिणी सह रांची
मानवाधिकार न्याय सुरक्षा परिषद राष्ट्रीय ट्रस्ट
रांची जिला अध्यक्ष, झारखंड

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकमनाएं

आओ झुककर सलाम करें उन्हें, जिनके हिस्से में ये मुकाम आता है खुशनसीब होता है वो खून, जो देश के काम आता है।



निवेदक-
अनिल सिंह मुंडा
समाजसेवी सिल्ली

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकमनाएं

मेडिकल परिवार की ओर से 15 अगस्त 2024 स्वतंत्रता दिवस के शुभ अवसर पर सिल्ली- मुरी समेत पूरे देश वासियों को हार्दिक शुभकामनाएं। जय भारत -जय हिन्द



निवेदक-
डॉ मेजर मदन महतो
राहत नर्सिंग होम
मुरी-रांची रोड, साहेब बांध के समीप
सिल्ली, रांची।

नोट-राहत नर्सिंग होम में शुगर,ब्लड प्रेशर, हार्ट प्रोब्लम छाती दर्द,धबराहट, मोटापा, गर्भवती महिलाओं के लिए विशेष उपचार है।

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकमनाएं

15 अगस्त 2024 स्वतंत्रता दिवस के शुभ अवसर पर सिल्ली- मुरी समेत पूरे देश वासियों को हार्दिक शुभकामनाएं एवं जय भारत -जय हिन्द।



निवेदक-
श्री मोहित कुमार
सिल्ली थाना प्रभारी, रांची।

जनता की सेवा के लिए हमेशा तत्पर

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकमनाएं

सोनाली मैरेज हॉल की ओर से 15 अगस्त 2024 स्वतंत्रता दिवस के शुभ अवसर पर सिल्ली- मुरी समेत पूरे देश वासियों को हार्दिक शुभकामनाएं एवं जय हिन्द-जय भारत।



निवेदक-
श्री मृत्यंजय महतो
मुरी -सिल्ली, रांची

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकमनाएं

सिंगपुर अस्पताल परिवार की ओर से 15 अगस्त 2024 स्वतंत्रता दिवस के शुभ अवसर पर सिल्ली- मुरी समेत पूरे देश वासियों को हार्दिक शुभकामनाएं एवं जय हिन्द-जय भारत।




निवेदक-
श्री डॉ रमणेश प्रसाद
सिंगपुर नर्सिंग होम मुरी ।

रोगियों की सेवा के लिए तत्पर

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकमनाएं

भाजपा परिवार की ओर से 15 अगस्त 2024 स्वतंत्रता दिवस के शुभ अवसर पर सिल्ली- मुरी समेत पूरे देश वासियों को हार्दिक शुभकामनाएं एवं जय भारत -जय हिन्द।



निवेदक-
श्री मती मधुबाला शहीस
महामंत्री : सिल्ली मंडल, रांची।

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकमनाएं

कस्तूरबा आवासीय विद्यालय परिवार की ओर से 15 अगस्त 2024 स्वतंत्रता दिवस के शुभ अवसर पर सिल्ली- मुरी समेत पूरे देश वासियों को हार्दिक शुभकामनाएं एवं जय भारत -जय हिन्द।



निवेदक-
श्रीमती चन्दिका कुमारी
प्रधानाचार्य, सिल्ली , रांची।

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकमनाएं

सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र सिल्ली की ओर से 15 अगस्त 2024 स्वतंत्रता दिवस के शुभ अवसर पर सिल्ली- मुरी समेत पूरे देश वासियों को हार्दिक शुभकामनाएं एवं जय भारत -जय हिन्द।

निवेदक-
श्री मती डॉ प्रियंका
सिल्ली रांची।

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकमनाएं

15 अगस्त 2024 स्वतंत्रता दिवस के शुभ अवसर पर सिल्ली- मुरी समेत पूरे देश वासियों को हार्दिक शुभकामनाएं



निवेदक-
श्रीमती लक्ष्मी देवी
जिला परिषद
सिल्ली पूर्वी।

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकमनाएं

सिल्ली कॉलेज सिल्ली की ओर से 15 अगस्त 2024 स्वतंत्रता दिवस के शुभ अवसर पर सिल्ली- मुरी समेत पुरे देश वासियों को हार्दिक शुभकामनाएं। जय भारत- जय हिन्द।



निवेदक-
डॉ अनन्त कुमार महतो
प्रिंसिपल : सिल्ली, रांची।

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकमनाएं

15 अगस्त 2024 स्वतंत्रता दिवस के शुभ अवसर पर सिल्ली- मुरी समेत पूरे देश वासियों को हार्दिक शुभकामनाएं एवं जय भारत -जय हिन्द।



निवेदक-
श्री विजय चंद्र महतो
बुद्धि जीवी मंच सिल्ली।

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकमनाएं

कुशवाहा मैरेज हॉल की ओर से 15 अगस्त 2024 स्वतंत्रता दिवस के शुभ अवसर पर सिल्ली- मुरी समेत पूरे देश वासियों को हार्दिक शुभकामनाएं



निवेदक-
श्री सुखदेव कुशवाहा
सिल्ली स्टेडियम के पीछे ।
सिल्ली पूर्वी।

नोट-एसी रूम,एसी हॉल, पार्किंग सुविधा के साथ शादी व्याह, बर्थडे, मीटिंग एवं सभी आयोजनों के लिए उपलब्ध

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकमनाएं

जय श्री हेल्थ सेंटर की ओर से 15 अगस्त 2024 स्वतंत्रता दिवस के शुभ अवसर पर सिल्ली- मुरी समेत पूरे देश वासियों को हार्दिक शुभकामनाएं। जय हिन्द -जय भारत।



निवेदक-
डॉ प्रकाश महतो
मुरी-रांची रोड, स्टेडियम के समीप,सिल्ली, रांची।

नोट : हमारे नर्सिंग होम में शुगर,ब्लड प्रेशर, हार्ट प्रोब्लम का बिशेष इलाज है।

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकमनाएं

रूडसेट संस्थान सिल्ली की ओर से 15 अगस्त 2024 स्वतंत्रता दिवस के शुभ अवसर पर सिल्ली- मुरी समेत पूरे देश वासियों को हार्दिक शुभकामनाएं एवं जय भारत -जय हिन्द।



निवेदक-
श्री संजीत कुमार
रूडसेट संस्थान, सिल्ली

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकमनाएं

15 अगस्त 2024 स्वतंत्रता दिवस के शुभ अवसर पर सिल्ली- मुरी समेत पूरे देश वासियों को हार्दिक शुभकामनाएं एवं जय भारत -जय हिन्द।



निवेदक-
श्री नरेश चन्द्र कार्रजी
जन समस्या समाधान समिति
प्रदेश महासचिव, रांची।